दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 12 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-278 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

गुजरात में मोदी मैजिक के चलते भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर देश में तो चर्चा हो रही हैं वहीं पाकिस्तान में इस पर खबरिया चैनल लगातार डिबेट कर रहे हैं। गुजरात में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत से पाकिस्तान में मायूसी फैल गई है। वहां तो अभी से यह कयास लगाए जा रहे हैं की यदि 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने हैट्रिक बना दी तो पाकिस्तान का क्या होगा? दुनिया में भारत की बड़ती ताकत से खौफजदा पाकिस्तान को यह डर सता रहा है कि कहीं पीओके उसके हाथ से न निकल जाए।

//-- सुविचार --//

भलाई करना कर्तव्य नहीं, आनंद है, क्योंकि वह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख की वृद्धी करता है।

सूर्योदय

उदय : 6:52 प्रात:

अस्त : 5:25 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,004,796,575

भारत: 1,413,843,141

बाजार

सेंसेक्स : 62181.67

निफ्टी: 18496.60

गोल्ड : 54,590 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 68,100 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	29.0	19.0
बिलासपुर	28.2	17.6
जगदलपुर	29.3	18.2
अंबिकापुर	25.1	13.2

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस

संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 12 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तटस्थता के महत्व के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसकी आधिकारिक घोषणा फरवरी 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव द्वारा की गई थी और उसी वर्ष पहली बार 12 दिसंबर 2017 यह दिन मनाया गया था। तटस्थता को देशों के बीच युद्ध में सभी भागीदारी से एक देश के संयम से उत्पन्न होने वाली कानूनी स्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है, जो जुझारू लोगों के प्रति निष्पक्षता के दृष्टिकोण का रखरखाव, और इस अमूर्तता और निष्पक्षता के जुझारू लोगों द्वारा मान्यता ‡ गंभीर रूप से महत्वपूर्ण है संयुक्त राष्ट्र के लिए स्वतंत्र रूप से और प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए सभी के विश्वास और सहयोग को हासिल करने और बनाए रखने के लिए, विशेष रूप से उन स्थितियों में जो राजनीतिक रूप से चार्ज किए जाते हैं।

पीएम मोदी-बोले देश को 'शॉर्टकट' नहीं, स्थायी विकास की जरूरत...झूठे वादे करने वालों से रहें सावधान

■ **देश की छठी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नागपुर से बिलासपुर के लिए किया रवाना**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश को 'शॉर्टकट' नहीं, बल्कि सतत विकास की आवश्यकता है। पीएम मोदी ने कुछ राजनीतिक दलों पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे पहले करदाताओं का धन भ्रष्टाचार एवं वोट बैंक की राजनीति में नष्ट हो जाता था। पीएम मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 75,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण और उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्ष में भारत में बुनियादी ढांचे के विकास में मानवीय पहलू शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सभी राज्यों की एकजुट ताकत एवं प्रगति से एक वास्तविकता बन सकता है। जब विकास के प्रति हमारा दृष्टिकोण संकीर्ण होता है तो अवसर भी सीमित होते हैं।'' पीएम मोदी ने कहा कि हमने पिछले 8 साल में 'सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के साथ मानसिकता और दृष्टिकोण को बदला है।'' उन्होंने कहा कि नागपुर में शुरू की गई परियोजनाओं ने विकास के समग्र दृष्टिकोण को पेश किया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि वे ''शार्टकट'' राजनीति करने, करदाताओं का पैसा लूटने और झूठे वादों के जरिए सत्ता हासिल करने वाले नेताओं से सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट राजनीति से देश का विकास नहीं हो सकता।'' पीएम मोदी ने कहा, ''कुछ राजनीतिक दल देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं और लोगों को ऐसे नेताओं एवं दलों को बेनकाब करना चाहिए। मेरा सभी नेताओं से आग्रह है कि वे शॉर्टकट राजनीति के बजाय सतत विकास पर ध्यान दें। आप सतत विकास के साथ चुनाव जीत सकते हैं।

मेट्रो में स्टूडेंट्स के साथ की सवारी

मोदी ने नागपुर में मेट्रो सेवा की भी शुरुआत की। मेट्रो स्टेशन के उद्घाटन के बाद उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ मेट्रो की सवारी की। स्टूडेंट्स ने पीएम मोदी से बातचीत भी की। इससे पहले उन्होंने सबसे पहले नागपुर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ये देश की छठी वंदे भारत ट्रेन है। यह ट्रेन महाराष्ट्र के नागपुर से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के बीच चलेगी।

हिमाचल के सीएम बने सुखविंदर

राहुल ने सुक्खू की मां को मंच पर बुलाया, प्रियंका ने प्रतिभा को लगाया गले

■ **छत्तीसगढ़-राजस्थान की तर्ज पर लागू होगी ओपीएस : भूपेश**

शिमला। हिमाचल में रविवार दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस दौरान राहुल, प्रियंका और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। प्रियंका ने मुख्यमंत्री पद की दावेदार रहीं प्रतिभा सिंह को अपने बगल में बैठाया। सुक्खू ने सभी कांग्रेस विधायकों के साथ मंच से समर्थकों का अभिवादन किया। रिज मैदान में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ ने सुक्खू के साथ-साथ डिप्टी सीएम अग्निहोत्री को भी शपथ दिलाई। इससे पहले सुबह-सुबह सुक्खू खुद प्रतिभा सिंह को शपथ समारोह का न्योता देने पहुंचे। सुक्खू ने कहा- पार्टी पहले है, मुख्यमंत्री बाद में। प्रतिभा सिंह मेरी आदर्श हैं। हिमाचल के नए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की मां संसार देवी भी शपथ ग्रहण समारोह में पहुंची थीं। राहुल गांधी को जब पता चला कि वह मंच के सामने बैठी हैं तो राहुल ने उन्हें मंच पर बुलाया और उनसे मिले। प्रियंका गांधी ने सुक्खू की मां को गले लगाया और मंच पर अपने पास बैठाया। वहीं प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिमाचल में एक स्थिर सरकार बनेगी। हम एकजुट होकर काम करेंगे। बता दें कि प्रतिभा मुख्यमंत्री पद की दावेदार थीं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शपथ लेते ही एक्शन में सीएम

शपथ ग्रहण के बाद हिमाचल सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम सुक्खू ने कहा, 'हमारी सरकार ने 10 गारंटी योजनाएं दी हैं और इन सभी योजनाओं को कांग्रेस पार्टी जल्द लागू करेगी।' हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने न्यूज़ एजेंसी एएनआई से बातचीत की। इस दौरान हिमाचल सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा, 'कैबिनेट के विस्तार के बाद यह तय किया जाएगा कि कौन सी गारंटी योजना पहले की जाएगी। हमारी सरकार ने 10 गारंटी योजनाएं दी हैं और इन सभी योजनाओं को कांग्रेस पार्टी लागू करेगी।'

गुजरात में दलबदल का खेल शुरू

आप के एक और 3 निर्दलीय भाजपा को देंगे समर्थन

■ **आज भूपेंद्र पटेल लेंगे सीएम पद की शपथ, पीएम समेत कई केंद्रीय मंत्री होंगे शामिल**

अहमदाबाद। गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड जीत के बाद राज्य में अब दलबदल का खेल शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के एक और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। हालांकि, उन्होंने पार्टी में शामिल होने से इनकार किया है। चार में से तीन पहले भाजपा में ही थे। आप विधायक भूपत भयाणी पहली बार जूनागढ़ जिले के विसावदर सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। वे पहले भाजपा में भी रह चुके हैं। चुनाव से कुछ महीने पहले ही आप में शामिल हुए थे। हालांकि मीडिया से बातचीत में भूपत ने भाजपा में शामिल होने से इनकार किया है। भूपत ने कहा कि मैं पार्टी से गद्दारी नहीं करूंगा। इधर, तीन निर्दलीय विधायकों में से बायड़ से धवल झाला, धानेरा से मावजी देसाई और वाघोड़िया से धर्मेंद्र वाघेला शामिल हैं। झाला और मावजी देसाई भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद चुनाव से ऐन वक्त पहले निर्दलीय चुनाव लड़े और जीत भी गए। अब उन्होंने भी भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है। गुजरात विधानसभा में 156 सीटों की रिकॉर्ड जीत के बाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा 156, कांग्रेस 17, आप ने जीतीं 5 सीटें

गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने रिकॉर्ड 156 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 58 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 60 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 17 सीटें ही मिली हैं। आम आदमी पार्टी ने 5 सीटें जीती हैं। निर्दलीय को तीन और सपा को एक सीट पर जीत मिली है।

भारत की जी20 अध्यक्षता में पहली बैठक 13 दिसंबर में बेंगलुरु में होगी

नई दिल्ली। भारत की जी20 अध्यक्षता में वित्त एवं केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों (एफसीबीडी) की पहली बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में 13 से 15 दिसंबर तक होगी। जी20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत की इस पहली बैठक से 'फाइनेंस ट्रैक' एजेंडा पर वार्ता की शुरुआत होगी। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक संयुक्त रूप से करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की अगुवाई वाले 'जी20 फाइनेंस ट्रैक' में आर्थिक एवं वित्तीय मामलों पर ध्यान दिया जाएगा। यह वैश्विक आर्थिक विमर्श और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा। इसमें बताया गया है कि वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक बेंगलुरु में 23-25 फरवरी, 2023 को होगी।

19 राज्यों की विधानसभाओं में 10% से भी कम महिला विधायक

नई दिल्ली। राजनीतिक दल महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने की बातें बढ़-चढ़कर करते हैं लेकिन संसद एवं विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व निराशाजनक तस्वीर पेश करता है। वास्तविकता यह है कि देश के 19 राज्यों की विधानसभाओं में महिला विधायकों का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से भी कम है। लोकसभा में विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजीजू द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, आंध्र प्रदेश, असम, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, पुडुचेरी, मिजोरम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश की विधानसभाओं में महिला विधायकों की संख्या 10 प्रतिशत से कम है। आंकड़ों के अनुसार, जिन राज्यों की विधानसभाओं में महिला विधायकों की संख्या 10 प्रतिशत से अधिक है, उनमें बिहार (10.70), छत्तीसगढ़ (14.44), हरियाणा (10), झारखंड (12.35), पंजाब (11.11), राजस्थान (12), उत्तराखंड (11.43), उत्तर प्रदेश (11.66), पश्चिम बंगाल (13.70), दिल्ली (11.43) शामिल हैं। हाल में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में जीतने वाली महिलाओं की संख्या 8.2 प्रतिशत है, जबकि हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में इस बार केवल एक महिला उम्मीदवार चुनाव जीतने में सफल रहीं। सरकारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोनीपत में किसानों की महापंचायत, एमएसपी, केस वापसी और मुआवजा की रखी मांग

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत की राजीव गांधी एजुकेशन सिटी परिसर में रविवार को गैर राजनीतिक संयुक्त किसान मोर्चा की पंचायत हुई। इसमें पंजाब और हरियाणा के किसान पहुंचे। यहां किसान आंदोलन के दौरान अपनी जाने गंवाने वाले सभी किसानों को श्रद्धांजलि दी दी। वहीं, किसानों के ऊपर दर्ज किए गए केसों को वापस लेने और एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग की गई। इसके बाद केंद्र सरकार के प्रतिनिधि को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पंचायत का समापन किया गया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि कुछ राजनीतिक लोग आंदोलन करने वाले किसानों को अलग कर खुद को फायदा पहुंचा रहे हैं। एसवाईएल का मुद्दा भी गैर राजनीतिक संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत में गूंजा है। यह मुद्दा भी राजनीतिक लोग अपने फायदे के लिए जिंदा रख हुए हैं। अपने फायदे के लिए ये लोग हरियाणा-पंजाब को लड़ा रहे हैं।

कर्नाटक के मंदिरों में अब सलाम नहीं संध्या आरती

मंगलरू। कर्नाटक के कुछ मंदिरों में होने वाली सलाम आरती का नाम बदल दिया गया है। अब इसे संध्या आरती के नाम से जाना जाएगा। यह फैसला हिंदुत्व संगठनों की मांग पर लिया गया। इन संगठनों ने राज्य सरकार से टीपू सुल्तान के नाम पर होने वाले अनुष्ठानों को खत्म करने की मांग की थी, जिसमें सलाम आरती भी शामिल थी। हिंदू मंदिरों की देखरेख करने वाले स्टेट अथॉरिटी मुजरई ने शनिवार को छह महीने पुराने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। माना जाता है कि 18वीं शताब्दी में मैसूर शासक टीपू ने इन मंदिरों में अपनी यात्रा के दौरान आरती का नामकरण किया था। मेलकोट में ऐतिहासिक चालुवनारायण स्वामी मंदिर है। जहां हैदर अली और उसके बेटे टीपू सुल्तान के शासनकाल से हर दिन शाम 7 बजे सलाम आरती (मशाल सलामी) होती आ रही है। स्कॉलर और कर्नाटक धर्मिका परिषद के सदस्य कशेकोडि सूर्यनारायण भट ने इसका नाम बदलने की मांग की थी। भट ने कहा था सलाम शब्द हमारा नहीं टीपू का दिया हुआ है। मांड्या जिला प्रशासन ने इस प्रस्ताव को हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (मुजरई) को सौंप दिया था। हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (मुजरई) सीएम बसवराज बोम्मई से अंतिम मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है। इस कदम के बाद जल्द ही एक आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा, जिसके बाद न केवल मेलकोट में बल्कि कर्नाटक के सभी मंदिरों में आरती सेवाओं का नाम बदल दिया जाएगा। मुजरई मंत्री शशिकला जोले ने कहा, इन फारसी नामों को बदलने और मंगला आरती नमस्कार या आरती नमस्कार जैसे पारंपरिक संस्कृत नामों को बनाए रखने के प्रस्ताव और मांगें थीं। इतिहास को देखें तो हम वही वापस लाए हैं जो पहले चलन में था।

वीरेंद्र सचदेवा बने दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार की जिम्मेदारी लेते हुए दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को यहां बताया कि गुप्ता के इस्तीफे को पार्टी प्रमुख जगत प्रकाश नड्डा ने स्वीकार कर लिया है और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ये नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। गत चार दिसंबर को हुए दिल्ली नगर निगम की 250 सीटों पर हुए चुनाव में 15 साल से सत्तारूढ भाजपा 103 सीटों के साथ बहुमत से दूर रह गयी जबकि दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी 135 से अधिक सीटें जीतने में कामयाब रही।

आरक्षण के लिए रोस्टर बनाने समिति का किया गठन

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में पारित आरक्षण के अनुसार रोस्टर बनाने सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग के ज्वाइंट सेक्रेट्री केडी कुंजाम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी जिला, संभाग और राज्य स्तर पर आरक्षण का रोस्टर बनाएगी। अफसरों ने बताया, राज्यपाल के प्रस्तावित आरक्षण के अनुमोदन के बाद की रोस्टर जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही नए और पुनर्गठित जिलों से जनसंख्या की जानकारी मंगाई गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने बताया कि रोस्टर की प्रारंभिक तैयारी के लिए कमेटी गठित की गई है।

एयर इंडिया की फ्लाइट में मिला सांप, मचा हड़कंप

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के शनिवार को दुबई हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसके कार्गो होल्ड में सांप मिला, जिससे कुछ समय के लिए यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। विमानन नियामक डीजीसीए इस घटना की जांच कर रहा है। डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का बी737-800 विमान केरल के कालीकट से आया था और यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के सीनियर अधिकारी ने कहा कि दुबई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर विमान के कार्गो होल्ड में सांप मिला।

गरमा-गरम

उपलब्धि.... हैदराबाद में पॉसिंग आउट परेड में मिलेगा कमीशन

दुर्ग की निवेदिता शर्मा भारतीय वायु सेना में छग की पहली महिला फ्लाइंग ऑफिसर बनीं

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग की निवेदिता शर्मा को भारतीय वायु सेना में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला फ्लाइंग ऑफिसर बनने का गौरव प्राप्त होने जा रहा है। दुर्ग में पली-बढ़ी निवेदिता को 17 दिसम्बर को हैदराबाद स्थित प्रशिक्षण अकादमी की पासिंग आउट परेड में फ्लाइंग ऑफिसर की पदवी से विभूषित किया जायेगा और संभवतः वह अपने पोस्टिंग स्थल पर जाने से पूर्व अपने घर दुर्ग आयेंगी। शुरू से ही मेघावी रही निवेदिता शर्मा शहर के प्रतिष्ठित पंडित रमेशचंद, मनोज कुमार, रेवतीनंदन शर्मा परिवार से हैं। वे अशोक कुमार शर्मा (कास्ट एकांउटेट) भूतपूर्व प्रबंधक नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, दुर्ग की बड़ी बेटी हैं। निवेदिता ने दुर्ग में कक्षा पाचवीं से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई माइल स्टोन, जुनवानी, भिलाई में की। इसके बाद कक्षा ग्यारहवी से कक्षा बारहवीं तक की पढ़ाई श्री शंकरा स्कूल सेक्टर - 10 स्कूल से की तथा कामर्स स्नातक की पढ़ाई दुर्ग गलर्स कॉलेज दुर्ग से की है। निवेदिता शर्मा ने एफसीएटी की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की इसके पश्चात एसएसबी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

17 दिसंबर को पॉसिंग आउट परेड

17 दिसम्बर को पासिंग आउट परेड में उन्हे फ्लाइंग ऑफिसर का दर्जा मिलेगा। कमीशन के बाद वे संभवतः अपने गृहनगर दुर्ग (मधुबन वाटिका, खंडेलवाल कॉलोनी,दुर्ग) आयेंगी। 17 दिसम्बर को हैदराबाद के आफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में होने वाली परेड का सीधा प्रसारण डीडी वन एवं यूट्यूब पर सुबह 9 से 10 बजे तक कम्बाइण्ट ग्रेजु परेड एवं सुबह 10 से 10.50 तक ऐरोबेटिक डिस्पेल होगा। दुर्ग शहर के नागरिक इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बन सकते हैं। यह दुर्ग शहर के लिए गौरव की बात है कि पूरे प्रदेश में निवेदिता शर्मा पहली महिला फ्लाइंग ऑफिसर होंगी। हैदराबाद में होने वाली पासिंग आउट परेड को देखने के लिए शर्मा परिवार सहित नगर के लोग भी उत्सुक हैं।

नव प्रदेश

संपादकीय

आम आदमी पार्टी का बड़ा कद

गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भले ही अपने दावों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया लेकिन गुजरात में पांच विधानसभा सीटे जीतने और लगभग 14 प्रतिशत वोट हासिल करने के साथ ही आम आदमी पार्टी का कद बड़ गया है और अब वो राष्ट्रीय राजीतिक पार्टी का दर्जा हासिल करने जा रही है। निश्चित रूप से यह आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पहले नई दिल्ली में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी ने अपनी सरकार बनाई और फिर वह पंजाब में भी दो तिहाई बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाने में सफल हो गई। जिस पार्टी का गठन हुए अभी सिर्फ दस साल हुआ है उसने दो राज्यों में अपनी सरकार बना कर यह साबित तो कर दिया है कि वह भाजपा और कांग्रेस के मजबूत विकल्प के रूप में तेजी से उभर रही है। यह बात अलग है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गोवा सहित कई राज्यों में आम आदमी पार्टी ने जोर-शोर से चुनाव लड़ा लेकिन इनमें से अधिकांश राज्यों में उसकी लगभग सभी सीटों पर जमानत जप्त हो गई। हिमाचल प्रदेश के ताजा चुनाव में भी उसने उसकी सभी सीटों पर जमानत जप्त हुई है। गुजरात में भी भले ही उसे पांच सीटे मिली है लेकिन अधिकांश सीटों पर आम आदमी पार्टी अपनी जमानत नहीं बचा पाई है। इससे आम आदमी पार्टी कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उसने इन राज्यों में अपनी पहचान तो बना ही ली है और अगले चुनाव में वहां भी ये कुछ सीटें प्राप्त करने में सफल हो सकती है। नई दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है और वहां पन्द्रह सालों से काबिज भाजपा को सत्ता से बेदखल कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर दिया है। यह भी आम आदमी पार्टी की एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। आम आदमी पार्टी ने फ्री का फार्मूला अपनाकर दो राज्यों में और दिल्ली नगर निगम में अपना कब्जा जमाया है और आगे भी उसका मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाला यह फार्मूला उसके लिए कारगर साबित होता है तो इसके में किसी को कोई हैरत नहीं होनी चाहिए। बहरहाल अब आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने से नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और आदमी पार्टी के सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय नेता कहलाएंगे। उनकी पार्टी को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय संचालित करने के लिए मुफ्त में आलीशान भवन भी मिल जाएगा और अन्य सुविधाएं भी मुहैय्या हो जाएगी। इसके बाद आम आदमी पार्टी देश में अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास और तेज कर देगी। जिसका सीधा-सीधा नुकसान कांग्रेस पार्टी को उठाना पड़ सकता है। आम आदमी पार्टी लगातार कांग्रेस के वोट बैंक पर ही सेंध लगा रही है। जाहिर है वह अपना अभियान अब दो गुणे उत्साह के साथ तेज करेगी और 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में खुद को भाजपा के विकल्प के रूप में पेश करेगी। इसमें उसे कितनी सफलता मिलती है यह देखना दिलचस्प होगा।

कविता

नेपाल में नई सरकार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

नेपाल में हुए आम चुनावों में जिन सत्तारुढ़ पार्टियां ने पहले से गठबंधन सरकार बनाई हुई थीं, वे फिर से जीत गई हैं। उन्हें 165 में से 90 सीटें मिल गई हैं। अब नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा फिर प्रधानमंत्री बन जाएंगे। हालांकि उनकी पार्टी को 57 सीटें मिली हैं और प्रंचड की कम्युनिस्ट पार्टी को सिर्फ18 सीटें मिली हैं लेकिन जहां तक वोटों का सवाल है, प्रचंड की पार्टी को 27,91,734 वोट मिले हैं जबकि नेपाली कांग्रेस को सिर्फ26,66,262 वोट ही मिल पाए। इसका अर्थ क्या हुआ? अब कम्युनिस्ट पार्टी का असर ज्यादा मजबूत रहेगा। अब देउबा की सरकार में कम्युनिस्ट पार्टी का सिक्का ज़रा तेज दौड़ेगा। देउबा प्रधानमंत्री तो दुबारा बन जाएंगे लेकिन उन्हें अब उन कम्युनिस्टों की बात पर ज्यादा ध्यान देना होगा, जो कभी नेपाली कांग्रेस के कट्टर विरोधी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी बगावत के दौरान नेपाली कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या भी की थी और उनके पार्टी घोषणा-पत्रों में भारत के विरुद्ध विष-वमन में भी कोई कमी नहीं रखी जाती थी। यह हमारे दक्षिण एशिया की राजनीतिक मजबूरी है कि सत्ता में आने के लिए घनघोर विरोधी भी गल-मिलव्वल करने लगते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली की कम्युनिस्ट पार्टी अपने गठबंधन के भागीदारों के साथ मिलकर देउबा सरकार की नाक में दम बनाए रखने पर आमादा रहे लेकिन यह भी संभव है कि ओली के गठबंधन से टूटकर कुछ पार्टियां और सांसद देउबा का समर्थन करने लगें। उन्हें पता है कि भारत के बिना नेपाल का गुजारा नहीं है और ओली ने भारत-विरोध का झंडा निरंतर उठाए रखा था। उन्होंने मधेशियों और आदिवासियों पर इतने अत्याचार किए थे कि भारत सरकार को उनके विरुद्ध कड़े कदम उठाने पड़े थे। इसके अलावा सीमांत के लिपुलेख क्षेत्र पर नेपाल का दावा घोषित करके उन्होंने मोदी सरकार से दुश्मनी मोल ले ली थीं। इतना ही नहीं, उन दिनों यह माना जाता था कि काठमांडो में चीन की महिला राजदूत ही नेपाली सरकार की असली मार्गदर्शक है। यह वजह है कि वर्तमान चुनाव में ओली की पार्टी और उनकी गठबंधन की सीटें घट गई हैं। जहां तक देउबा का प्रश्न है, प्रचंड और ओली इन दोनों के मुकाबले वे अधिक अनुभवी और संयत स्वभाव के हैं। इन तीनों नेपाली प्रधानमंत्रियों के साथ मेरा भोजन और खट्टा-मीठा वार्तालाप भी हुआ है।

धर्मवीर डॉ बालकृष्ण शिवराम मुंजे-एक प्रज्ञावान देशभक्त

ऋषिकेश मुंजे

1930 तथा 1932 में लंदन में आयोजित दोनों गोलमेज परिषदों में डॉ मुंजे ने भाग लिया था। डॉ मुंजे स्त्री सशक्तिकरण के पुरोधा थे। सभी नागरिकों को अनिवार्य सैनिक शिक्षा के वे बड़े हिमायती थे। उन्होंने देश की मजबूती के लिये सेना तथा सैनिक शिक्षा का महव समझा। आगे इस सम्बन्ध में उन्होंने कई महत्वपूर्ण काम किये। 1927 में एयरो क्लब ऑफ़इंडिया के संस्थापक सदस्य। 1929 रायफलक्लबके संस्थापक सदस्य। 1933 में इंडियनमिलिटरी अकेडमी देहरादूनके संस्थापक सदस्य।1937 में भोसले मिलिटरी स्कूल नासिक की स्थापना। 1937 में युवतियों को रायफल चलाने का प्रशिक्षण। जिनके परिणाम स्वरुप भारत जब स्वतंत्र हुआ तब हमारे पास एक सुदृढ़ सेना और योग्य सेनापति थे। डॉ मुंजे की हिन्दू युवाओं को ब्रिटिश सेना में भर्ती हेतु प्रेरित किये जाने का ही परिणाम था कि सुभाष बाबू को आजाद हिन्द सेना के लिए बड़ी मात्रा में प्रशिक्षित सैनिक मिले।

डॉ बालकृष्ण शिवराम मुंजे (1872 से 3 मार्च 1948) एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक बालासाहब देवरस के अनुसार वे दृष्टा महापुरुष थे। दृष्टा को उसके जीवन काल में समाज द्वारा मान्यता नहीं मिल पाती। यद्यपि यह वास्तविकता है कि धर्मवीर डॉ मुंजे पुरे देश में बहुत लोकप्रिय नेता थे। डॉ मुंजे ने पहले सशस्त्र क्रांतिकारी के रूप में और बाद में राजनीतिक नेता के रूप में भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रयास किया। कहा जाता है कि डॉ मुंजे ने तब देश के कई युवाओं को, जिनमे डॉ हेडगेवार भी थे, बम बनाने का प्रशिक्षण दिया था। वे अत्यंत मेधावी थे। मुंबई के प्रसिद्ध ग्रांट मेडिकल कॉलेज से 1898 में L M & S (Licentiate in Medicine and Surgery आज की MBBS डिग्री) उपाधि प्राप्त की। मुंबई महानगरपालिका में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में उन्हें नौकरी मिली। वे भारत के पहले नेत्र विशेषज्ञ थे। मोतियाबिंद की शल्य चिकित्सा के लिए उन्होंने अपनी पद्धति विकसित की थी। सामने उज्ज्वल भविष्य था लेकिन सेना में रूचि के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी।

सेना में कमीशंड अधिकारी के रूप में नौकरी प्रारम्भ की। वे सेना की मेडिकल विंग के अधिकारी के रूप में बोर युद्ध (1899-1900) के लिए अफ्रीका भेजे गए। चिकित्सा दल में शामिल वे प्रथम तथा एकमेव भारतीय अधिकारी थे। अफ्रीका में उनकी गांधीजी से भेट हुई। भारत वापस आने पर 1904 में डॉ मुंजे सेना को छोड़ राजनीति में आ गए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में प्रवेश लिया। वे लोकमान्य तिलक के अनुयायी थे। 1920 में लोकमान्य तिलक के निधन के पश्चात महर्षि योगी अरविन्द से उन्होंने पुडुचेरी में जाकर भेट की तथा उनसे अनुरोध किया की वे अपना संन्यास छोड़ कर कांग्रेस का नेतृत्व करे। महर्षि अरविन्द इसके लिए सहमत नहीं हुए। गाँधी जी से डॉ मुंजे के वैचारिक मतभेद थे। अतः उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया। 1921 में मोपलाओं द्वारा केरल में किये गए भीषण अत्याचारों का डॉ मुंजे ने स्वामी श्रद्धानन्द के साथ केरल में जाकर विरोध किया था। सामाजिक समरसता तथा जातिप्रथा उन्मूलन के लिए उन्होंने जन जागरण किया। छल पूर्वक धर्म परिवर्तन किये गए अपने बंधुओ को वापस हिन्दू धर्म में लाने

के लिए देवल संहिता का अध्ययन करके उन्होंने शुद्धिकरण की एक प्रक्रिया बनाई और हजारो बंधुओ को वापस हिन्दू धर्म में लाया। गाँधी जी के साथ ही तत्कालीन धर्मपीठाचार्यो ने यद्यपि इसका विरोध किया लेकिन करवीर पीठ के शंकराचार्य डॉ कुर्तकोटि ने उनकी शुद्धिकरण की विधि को मान्यता दी और डॉ मुंजे को धर्मवीर की उपाधि दी। 1923 में उन्होंने हिन्दू महासभा में प्रवेश लिया। 1927 में पटना में आयोजित हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन हेतु अखिल भारतीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रदेश समितियों द्वारा नाम बुलाये गए। विभिन्न प्रदेश समितियों द्वारा सर्वश्री डॉ मुंजे, लाला लाजपतराय, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय, बैरिस्टर जयकर और भरतपुर के महाराजा के नाम प्रस्तावित किए गए। दिनांक 8 मार्च 1927 को आयोजित बैठक में डॉ मुंजे को बहुमत द्वारा अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। 15 अप्रैल 1927 को हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पटना में उनकी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा एक मील लम्बी थी। उसमे 20 हाथी थे तथा 500 स्वयंसेवक व्यवस्था देख रहे थे। इस पद पर उन्होंने लगातार 10 वर्ष तक कार्य किया। 1937 में स्वातंर्त्यवीर सावरकर हिन्दू महासभा के अध्यक्ष बने इसलिए उन्होंने इस पद से त्यागपत्र दिया। उन्होंने आजीवन सावरकर जी का साथ दिया। स्वयं सावरकर जी ने कहा है की डॉ मुंजे ने 10 वर्षो तक हिंदूमहासभा का ही नहीं अपितु हिन्दू राष्ट्र का नेतृत्व किया। 1927 में उन्होंने मांग की कि सेना में भारतीयों को अधिकारी के रूप में प्रवेश दिया जाये। उन्होंने विश्व के विषेशतः यूरोप के कई देशो की यात्रा करके वहा के सैनिक विद्यालयों का अध्ययन किया। अपने शत्रु का शत्रु अपना तात्कालिक मित्र इस सिद्धांत के अनुसार बेनिटो मुसोलिनी से 1931 में उन्होंने भेट की थी इसी सिद्धांत के अनुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की बाद में एडॉल्फहिटलर से भेट हुई थी 1930 तथा 1932 में लंदन में आयोजित दोनों गोलमेज परिषदों में डॉ मुंजे ने भाग लिया था। डॉ मुंजे स्त्री सशक्तिकरण के पुरोधा थे। सभी नागरिकों को अनिवार्य सैनिक शिक्षा के वे बड़े हिमायती थे। उन्होंने देश की मजबूती के लिये सेना तथा सैनिक शिक्षा का महव समझा। आगे इस सम्बन्ध में उन्होंने कई महत्वपूर्ण काम किये। 1927 में एयरो क्लब ऑफइंडिया के संस्थापक सदस्य। 1929 रायफलक्लबके संस्थापक सदस्य। 1933 में इंडियनमिलिटरी अकेडमी देहरादूनके संस्थापक सदस्य। 1937 में भोसले मिलिटरी स्कूल नासिक की स्थापना। 1937 में युवतियों को रायफल चलाने का प्रशिक्षण। जिनके परिणाम स्वरुप भारत जब स्वतंत्र हुआ तब हमारे पास एक सुदृढ़ सेना और योग्य सेनापति थे। डॉ मुंजे की हिन्दू युवाओं को ब्रिटिश सेना में भर्ती हेतु प्रेरित किये जाने का ही परिणाम था कि सुभाष बाबू को आजाद हिन्द सेना के लिए बड़ी मात्रा में प्रशिक्षित सैनिक मिले। इसी तरह उनकी रणनीति के अनुसार जैसे ही अवसर प्राप्त हुआ 1946 में सैनिको ने विद्रोह कर दिया। उन्होंने मांग की कि भारत में सभी युवाओं के लिए सैनिक शिक्षा अनिवार्य की जाये। वर्तमान में इजरायल एकमात्र ऐसा देश है जो डॉ मुंजे की नीतियों पर चल रहा है। परिणाम स्वरूप आज वह एक शक्तिशाली राष्ट्र है। अभी भारत शासन ने अग्निवीर योजना लाकर इस दिशा में एक कदम उठाया है।

डॉ भीमराव अंबेडकर ने जब धर्म परिवर्तन का निर्णय लिया तो डॉ मुंजे ने उन्हें प्रेरित किया की यदि वे धर्म परिवर्तन करना ही चाहते है तो भारतीय मूल का ही कोई धर्म स्वीकार करें। डॉ मुंजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के वे अभिभावक, मार्गदर्शक तथा प्रेरणा स्त्रोत थे। 1942 में अपने अध्ययन के पश्चात अटल बिहारी बाजपेयी संघ प्रचारक बनना चाहते थे। ग्वालियर राज्य शासन से लिए गए छात्रवृत्ति की शर्तो के अनुसार उन्हें दो वर्ष शासन की नौकरी करना अनिवार्य था। भाऊराव देवरस के कहने पर डॉ मुंजे ने महाराजा जीवाजीराव से कहकर अटल जी को नौकरी के बंधन से मुक्त कराया था। धर्म और कर्तव्यनिष्ठा उनके जीवन का स्थाई भाव था। वह निडरता पूर्वक अपनी बात रखते थे। ऐसे धर्मवीर, सच्चे राष्ट्रभक्त, वीर नायक डा मुंजे को कोटि कोटि नमन।

(लेखक संघ तथा राष्ट्रवादी आंदोलन के इतिहास के ज्ञाता है)

वाइब्रेंट बॉर्डर-विलेज़ टूरिज्म-टूरिज्म डेस्टिनेशन

किशन सनमुख़दास भावनानी

साथियों बता दे कि केंद्र सरकार विलेज टूरिज्म पर भी फोकस कर रही है। इसके तहत सरकार देश के ग्रामीण इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रही है। इससे ना सिर्फ ग्रामीण युवाओं का शहरों में पलायन रुकेगा बल्कि शहरों पर बढ़ रहा दबाव भी कुछ हद तक कम रहेगा। यही वजह है कि केंद्र सरकार इन योजनाओं पर खास फोकस कर रही है। उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा पर बसे उन गांवों को देखें तो, वीरान हो चुके हैं। सीमा पर बसे गांवों को देश की आंख-कान और नाक माना जाता है। वीरान हो चुके 500 से ज्यादा गांवों को सरकार दोबारा बसा रही है। इन गांवों को फिर से रहने लायक बनाने, पलायन रोकने और पर्यटकों को सीमा के आखिरी गांवों की सैर कराने के लिए सरकार एक नयी योजना पर काम कर रही है, जिसका नाम है वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज इन गांवों में नागरिक प्रहरी नियुक्त किए जाएंगे।

वैश्विक स्तर पर बढ़ती भारत की प्रतिष्ठा में एक दिसंबर 2022 से एक और अध्याय जुड़ चुका है कि हम जी-20 अंतर्राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष हुए हैं, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। अब हमें इस सुनहरे एक वर्ष को स्वर्णिम काल के रूप में परिवर्तित कर सदियों तक इसकी खनक पूरी दुनिया के सामने रखना है कि बौद्धिक क्षमता में समृद्ध हो तो भारतीय जैसा! जो कि किसी भी अवसर को अपने हाथों में आते ही उसे स्वर्णिम बना देता है। चूंकि वर्ष 2023 में पूरे भारत में 200 से अधिक सभाएं होगी बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय नेताओं सहित मीडिया उद्योग पर्यटन से जुड़े ज़ाब से अतिथियों सहित अनेक बौद्धिक वर्ग भी इस बहाने भारत की यात्रा करना चाहेंगे और भारत में विनियोग वाणिज्य और पर्यटन के विस्तार की संभावना को देखते हुए उनके मन में अनेक प्लानिंग भी हो सकती है जिसके लिए अब हमें तैयार रहना होगा। सभी राज्यों को अपने यहां पर्यटन स्थलों को सुदृढ़ और प्रभावी रखना होगा ताकि आने वाले विदेशियों के कानों में उनकी खनक, भनक लगे और वे वहां आए जिससे उसकी चमक-दमक अंतरराष्ट्रीय स्तरपर होगी जहां से उन्नति समृद्धि का मार्ग खुलेगा। इस बात की हिंट दिनांक 9 दिसंबर 2022 को माननीय पीएम द्वारा देश के सभी राज्यों के सीएम, राज्यपालों केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यपालों के साथ एक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वाइब्रेंट बॉर्डर-विलेज-टूरिज्म-टूरिज्म डेस्टिनेशन। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा दिनांक 9 दिसंबर 2022 को सभी राज्यों के सीएम राज्यपालों उपराज्यपालों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से मीटिंग की करें तो उन्होंने, यह देश की ताकत प्रदर्शित करने का अवसर है। साथ ही उन्होंने टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया,साथ ही उन्होंने जी-20 के विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान काफी लोग भारत आएंगे और इंटरनेशनल मीडिया का हमारे देश पर फोकस रहेगा। ऐसे में केंद्र शासित और राज्यों के पास इस अवसर का लाभ उठाकर अपने आपको बिजनेस के लिए अच्छी जगह, इन्वेस्टमेंट के

लिए आकर्षित करना और टूरिज्म डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित करने का मौका होगा। उन्होंने दावा किया कि इस प्रकार का आयोजन हमारे देश के प्रत्येक हिस्से की विशिष्टता को दुनिया के सामने लायेगा। जी-20 जुड़े इवेंट में समाज के लोग हिस्सा ले इसकी भी कोशिश की जाए, कई राज्यों के सीएम, राज्यपाल और उपराज्यपाल ने मीटिंग के दौरान आइडिया दिए। उन्होंने बताया कि साथ ही भारत को एक 'ब्रांड' के रूप में विकसित भी करना है। इससे हम महसूस कर सकते हैं कि पद मिलते ही भारत ने अपनी तैयारियों में काफी तेजी ला दी है और 200 से अधिक सभाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है बस जरूरत है हमें टीम वर्क के रूप में मिलकर कार्य करने की जिसमें आज छत्तीसगढ़ के सीएम ने ट्वीट कर जानकारी दी कि उन्हें सितंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में सभा होने की जानकारी दी है। साथियों बात अगर हम देश के प्रत्येक हिस्से की विशिष्टता को दुनिया के सामने लाने की करें तो हमें सभी राज्यों को मिलकर एक टीम वर्क के रूप में कार्य करना होगा अपने अपने पर्यटन स्थलोंको अंतराष्ट्रीय स्तरकी साख सुविधाओं से समृद्ध कर विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने की रणनीति बनानी होगी जिससे राज्यों में वाणिज्यिक, विनियोग और पर्यटन के बल पर रोजगार में वृद्धि और जनता की समृद्धि में विकास होगा तो सरकार की साख भी बढ़ेगी, जनता के दिलों में राज करेंगे और आने वाले चुनाव में दोबारा जीतने की राह बनेगी, क्योंकि काम खुद बोलता है उसे दिखाने बताने की जरूरत नहीं होती है जो हमने अभी दिल्ली एमसीडी, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के परिणामों में देखे हैं। साथियों बात अगर हम वाइब्रेट बॉर्डर की करें तो यह देश के सुदूर इलाकों के गांव जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े हुए हैं उनको विकसित कर उन्हें टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में तेजी से काम करना होगा ताकि वहां पर भी जी-20 सभाओं के समय विदेशी सैलानी जाएं और वह गांव समृद्ध होंगे वहां रोजगार बड़े, इसके इन्वेस्टमेंट आए वाणिज्यिक गतिविधियां बड़े जिससे गांव से पलायन में भारी कमी आएगी और बॉर्डर से जुड़े पड़ोसी और विस्तारवादी देश पर भी असर पड़ेगा। क्योंकि कहा जाता है कि बॉर्डर से जुड़े गांव कान और आंख का काम करते हैं। इसीलिए ही हमारे माननीय पीएम ने एक बैठक में वाइब्रेट बॉर्डर पर कहा है कि स्नेह मिलन और वाइब्रेंट बॉर्डर टूरिज्म पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि काशी-तमिल संगम की तर्ज पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रोष करने से आपकी तानाशाही



रोष करने से आपकी तानाशाही प्रगट होगी आपके गुण नहीं किसी भी विषय को स्पष्टवादी बनकर सोचिये और अवश्य कहिए क्योंकि रोष का वास्तविक रूप है कि आपके गुणों के साथ आपकी वास्विकता का सुचारुता दिखना। **नंदिता तनुजा**

कोरी मिली थी पूरी कायनात हमको

कोरी मिली थी पूरी कायनात हमको सजाने के लिए फ़साद पैदा कर लिए खुद उस जैसा बताने के लिए ये बारूद, चालाकियाँ, नफ़रतें दोज़ख़ नहीं तो क्या हैं । आदमी अब तैयार है मसीहा खुद को मिटाने के लिए।

केदारनाथ शब्द मसीहा

खास पाती | सर्दी की ठंड सर्द हवाएं और गुनगुनी

सर्दी की ठंड सर्द हवाएं और गुनगुनी धूप जहां एक और लजीज़ व्यंजन सरसों का साग मक्की की रोटी , गाजर का हलवा, गोंद के लड्डू, रेवड़ी, गजक, मूंगफली की बहार है वहीं गाजर , मूली, गोभी, मटर का आनंद भी भरपूर ऐसे में जब मन हो खिला खिला फूलों की महक न हो ऐसा कहां गुलाब, कामनी, मोगरा, परिजात, कनेर, गुडहल, गेंदा, गुलदावरी की खुश्बू से बिखरी है रंगत आलौकिक जब क्या मन के क्या बगिया के फूल फूल खिले हैं गुलशन गुलशन फिर कैसी उदासी चटकने तो धूप सी मुस्कुराहटों को पिघलने दो नमी सारी पलकों के कोरों की बन ओस की बूंदें ।।

मीनाक्षी सुकुमारन

आकाश बन गई आपकी

आकाश बन गई आपकी आंखें कुछ ऐसे। अंधेरे में चांद निकल आया कुछ जैसे।। आपका चेहरा लाल हो गया है कुछ ऐसे। आपने अंधेरे में देख लिया हमें कुछ जैसे।।

सुरेशचंद्र रोहरा

मत पूछ के इन नजरों में इंतजार



मत पूछ के इन नजरों में इंतजार किसका है समंदर भी उथला लगे, जख्म इतना गहरा है लड़ती रही हूं जुल्मतो से, तुफानों का डर नहीं हमें तो अब ये क्यों पूछते हो कि किश्ती में छेद कितनें हैं डबडबायी आखों की अश्कों में कब से डूबे हुए हैं हम अब ये मत पूछ कि इन अश्कों में अक्स किसके हैं यू ठहर सी गई है मेरी जिंदगी, यादें भी और हम भी होश वाले क्या जानें, दीवानगी के लुत्फकितने है।

डेज़ी जासवाल

क्या मंच से बोला है सुना

क्या मंच से बोला है सुना करिये सामईन कवियों पे नज़र आप रखा करिये सामईन ये चाहते हैं भूख कजा मुफ्लिसी को भूल। जय जय किसी की आप सदा करिये सामईन जो शेर कह रहे है वो सब जुल्म से डर के आखिर कहां छुपे है पता करिये सामईन कुछ भी सुना के चल दें तो मत दाद दीजीए उंगली उठा के इन पे हंसा करिये सामईन अपने ही दिल की लिख रहे हैं पढ़ रहे हैं सब ऐसे में आप अपनी कहा करिये सामईन लोगो का जो नहीं है वो गीतों के हैं कहां ये भी सवाल दिल में रखा करिये सामईन जिनको न कोई शर्म है न फिक्र आप की उन साहिबे अदब से बचा करिये सामईन जो हक में आप ही के नहीं उनपे आप भी गर हो सके तो सख्त रहा करिये सामईन। **राजीव कुमार**

ये सर्द मौसम है सूरज की गर्मी

ये सर्द मौसम है सूरज की गर्मी नर्म है तुम कहां हो शायद कुहासे के ओट में तुम छिपे हो अब और ना सताओ मुझें तुम चले आओ जिद ना करो पीला फूल थोड़ा कुम्हलाया है शायद तुम्हारा इंतजार है तुम इसे सहला दो आ जाओ।

प्रीति श्रीवास्तव

तुमको पछतावा होगा क्या अपनी

तुमको पछतावा होगा क्या? अपनी की उन भूलों पर, हाथ रखा क्यों तुमने अपना? जहरीले उन शूलों पर । बार बार की गलती को तुम दोहराना अब बंद करो, कह दो चलना सीख लिया है अपने बने असूलों पर ।।

संजय कुमार गिरि

QUIZ TIME

1) हड़प्पा सभ्यता के किस स्थान से कलश शवाधान का साक्ष्य मिला है?

2) मेडागास्कर में स्थानान्तरीय कृषि को क्या कहा जाता है?

3) जन्तु विज्ञान का जनक किसको कहा जाता है?

4) भारत ने सर्वप्रथम किस ओलम्पिक में हॉकी में स्वर्ण पदक जीता था?

5) 2 अक्टूबर, 2022 को भारत के उप चुनाव आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सुरकोटडा (2) टावी (3) अरस्तू (4) एम्सटर्डम ओलम्पिक, 1928 (5) अजय भादू

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 12 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1787-पेनसिल्वेनिया अमेरिका के संविधान को अंगीकार करने वाला दूसरा प्रांत बना। 1800-वाशिंगटन डीसी को अमेरिका की राजधानी बनाया गया। 1822-अमेरिका द्वारा मेक्सिको को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई। 1872-स्वतंत्रता सेनानी और हिंदू महासभा के अध्यक्ष बालकृष्ण शिवराम मुंजे का जन्म। 1911-भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई। 1915-चीन के राष्ट्रपति युवान शी की ने राजतंत्र को पुनः बहाल कर स्वयं को चीन का सम्राट घोषित किया। 1917-फ्रेंच आल्प्स में फ्रांसीसी सेना की ट्रेन के पटरी से उतरने से 543 लोगों की मौत हो गयी। 1923-इटली में पो नदी बांध फटने से 600 लोगों मारे गए। 1936-चीन के नेता च्यांग काई शेक ने जापान के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1947-इरानी शाही सेना ने अजरबाइजान में सत्ता पर पुनः अधिकार कर लिया। 1950-तमिल एवं हिन्दी फ़िल्म अभिनेता रजनीकांत का जन्म। 1958-गिनि संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना। 1963-केन्या में स्वतंत्र हुआ। 1964-राष्ट्रकवि के रूप में विख्यात प्रसिद्ध हिन्दी कवि मैथिलीशरण गुप्त का निधन। 1971-भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधायें रद्द कर दी गई। 1981-भारत के क्रिकेट खिलाडी युवराज सिंह का जन्म। 1990-टी.एन.शेषन मुख्य निर्वाचन आयुक्त बने। 1996-भारत एवं बांग्लादेश के मध्य गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर।

वंदे भारत ट्रेन का छत्तीसगढ़ में हुआ ग्रैंड वेलकम....ढोल बजाकर नाचे, बरसाए फूल...

- नांदगांव, दुर्ग व बिलासपुर में हुआ जोरदार स्वागत, पूर्व सीएम व सांसदों ने किया वेलकम

रायपुर/नवप्रदेश। वंदे भारत ट्रेन के छत्तीसगढ़ पहुंचने पर रविवार को भव्य स्वागत किया गया। लोग ढोल बजा जमकर नाचे। ट्रेन पर फूल बरसाए गए। राजनांदगांव ट्रेन पहुंचने पर लोगों को दोहरी खुशी मिली। एक तो देश की सबसे तेज ट्रेन छत्तीसगढ़ के हिस्से में आई और दूसरा राजनांदगांव में इस ट्रेन का स्टॉपेज दिया गया। इस खुशी में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सहित तमाम भाजपाई भी पहुंच गए। बता दें कि वंदे भारत ट्रेन शनिवार को छोड़कर बाकी सभी दिनों में चलेगी। इससे पहले वंदे भारत ट्रेन को नागपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाई। वहां से ट्रेन दोपहर करीब 1.30 बजे राजनांदगांव पहुंची। इस दौरान लोग ट्रेन में भी चढ़ गए और सेल्फी ली। यह ट्रेन बिलासपुर से चलकर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया होते हुए नागपुर के बीच सप्ताह में छह दिन चलेगी। इसके बाद बिलासपुर से नागपुर के बीच का सफर साढ़े पांच घंटे में पूरा हो जाएगा। इससे पहले, अक्टूबर में मुंबई-अहमदाबाद रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई गई थी।

एक झलक पाने उमड़ी भीड़

महाराष्ट्र के नागपुर से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के लिए वंदेभारत एक्सप्रेस 11 दिसंबर से शुरू हो गई है। इस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद ये ट्रेन वहां से हर एक स्टेशन पर रुकती हुई आई। इस दौरान सभी स्टेशन में भाजपा के लोगों और नेताओं ने ट्रेन का स्वागत किया। ट्रेन की एक झलक पाने के लिए स्टेशन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। वंदे भारत ट्रेन नागपुर से बिलासपुर के बीच 413 किलोमीटर का सफर महज साढ़े 5 घंटे में पूरा करेगी।

सेमी हाई स्पीड ट्रेन में मिलेगी ये सुविधाएं

इस सेमी हाई स्पीड ट्रेन में यात्रियों को प्लेन में एयर होस्टेस की तरह इस ट्रेन में लड़कियां मौजूद रहेंगी जो यात्रियों को खाना और नाश्ता पानी देंगी। ट्रेन में सेंसर युक्त दरवाजे लगे हैं। गोंदिया से बिलासपुर जा रहे एक यात्री ने बताया कि इस ट्रेन में बैठकर ऐसा लग रहा है मानो आप हवाई जहाज की यात्रा कर रहे हो। ट्रेन के अंदर का इंटीरियर भी उसी तरह से बनाया गया गया है। मेट्रो की तर्ज पर ट्रेन हर स्टेशन पर बताएगी की आप किस स्टेशन में पहुंचे और अगला स्टेशन क्या आने वाला है। इसके साथ ही इसकी जानकारी ट्रेन में लगे डिस्प्ले बोर्ड में भी दिखाई देगी।

भारी संख्या में पहुंचे लोग लेते रहे सेल्फी

वंदे भारत ट्रेन की एक झलक पाने के लिए दुर्ग स्टेशन में भारी भीड़ मौजूद थी। लोग इसकी एक झलक पाने के लिए आतुर थे। जैसे ही ट्रेन आई लोगों ने वीडियो बनाना शुरू किया। कई लोग सेल्फी लेते दिखे तो बड़ी संख्या में लोग ट्रेन में बैठकर अगले स्टेशन तक गए। ट्रेन की सुविधा और खूबसूरती को देख सभी लोग इसे भारतीय रेल का मील का पत्थर बता रहे हैं।

जानिए, बीएसपी से नागपुर का किराया

आईआरसीटीसी ने चेयरकार और एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए अलग-अलग किराया तय किया है, जो सामान्य ट्रेनों से चार गुना अधिक किराया है। ट्रेन में चेयरकार का बिलासपुर से नागपुर का किराया सेंकेड क्लास एसी के बराबर 1070 रुपए तय किया है। वहीं एग्जीक्यूटिव क्लास में बिलासपुर से नागपुर तक सफर तय करने के 2045 रुपए है। इसी तरह वंदेभारत ट्रेन में बिलासपुर से रायपुर तक चेयरकार के लिए 470 और एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 905 रुपए किराया तय किया गया है। यात्रियों को बिलासपुर से दुर्ग के लिए 635 और 1155, बिलासपुर से राजनांदगांव के लिए 690 और 1265, बिलासपुर से गोंदिया के लिए 865 और 1620 रुपए खर्च करने होंगे।

भाजपा नेताओं ने रायपुर में किया ट्रेन का स्वागत

रायपुर रेलवे स्टेशन पर सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने वंदे भारत ट्रेन का स्वागत किया। ये ट्रेन नागपुर से पीएम मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने के बाद नागपुर से रायपुर पहुंची। इसके बाद आगे बढ़ते हुए बिलासपुर पहुंची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय,राजनांदगांव में वंदे भारत एक्सप्रेस का स्वागत किया। दुर्ग रेलवे स्टेशन में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र सांसद विजय बघेल, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने ट्रेन का स्वागत किया।

रायपुर जिला कांग्रेस की मासिक बैठक में कई अहम निर्णय

- धान खरीदी मे निगरानी पर जोर
- पैरा दान हेतु अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने अपील
- कांग्रेस प्रवेश जिला काग्रेस कमेटी के अनुशंसा सहमति अनिवार्य

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर की मासिक समीक्षा बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में जिला अध्यक्ष उधो वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में धान खरीदी जो कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है,जिसकी खरीदी सभी धान खरीदी केंद्रों मे जोर शोर से चल रहा है। उसमे जिला एवं ब्लाक स्तर के निगरानी समिति के सदस्य सतत खरीदी केंद्र मे जाकर किसानों को मदद करे एवं मुख्यमंत्री के अपील पैरादान को प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक गांव मे किसानों एवं गौठान समिति के अध्यक्ष से मिलकर अधिक से अधिक पैरादान करने पर जोर दिया भारत जोड़ो यात्रा को प्रत्येक बूथ पर करने जोर दिया गया। कांग्रेस प्रवेश के लिये जिला कांग्रेस कमेटी की सहमति से करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राजेंद्र साहू ने सभी पदाधिकारी को भाजपा के भ्रामक प्रचार का मुंह-तोड़ जवाब देने की बात कही,पद यात्रा को घर-घर पहुंच कर राहुल गांधी का उद्देश्य बताने के अपील की जनक राम वर्मा पूर्व विधायक बलौदाबाजार ने सभी को एकजुट होकर राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम मे ब्लाक अध्यक्षगण एवं मोर्चा संगठन के अध्यक्षगण अपनी गतिवीधीयो से अवगत कराया । कार्यक्रम मे पप्पु राजेंद्र बंजारे ब्लांक अध्यक्ष गण गिरधारी साहु,विद्याभुषण सोनवानी,दुर्गेश वर्मा,सौरभ मिश्रा, सौरभ शर्मा, मोहन लाल वर्मा, हरिशंकर निषाद,बसंत साहु,अश्वनी वर्मा,धनश्याम वर्मा,श्रवण चंद्राकर,श्रवण निषाद,,महिला कांग्रेस अनिता गुरूपंच,मनहरण लाल वर्मा,प्रशांत गोस्वामी,भुषण साहु,देवव्रत नायक,रंजित गायकवाड,राजु यादव,हरिशचंद्र वर्मा,कैलाश जैशवाल,अभिषेक शुक्ला,प्रणव सिंह,डामन साहु,मंशा राम निर्मलकर,श्रवण निषाद,सिता चौहान,लोकेश्वरी वर्मा,जानकी ध्रुव,नीलमणी परधनिया,कमल सोनवानी,चंद्रहास साहु,बुधराम धीवर,गोवर्धन,गजानन,रेखराम,मुकेश,अरविंद,बब्लु वैष्णव,राकेश सिन्हा,शरद वर्मा,, एवं समस्त पदाधिकारीगण कार्यक्रम में उपस्थित थे मासिक बैठक का संचालन कमल भारती जी ने किया।

मोदी की वजह से अब पूरे विश्व में गूंजेगा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया : अरुण साव

- जी-20 का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में सुनिश्चित होने पर दी प्रतिक्रिया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने जी-20 की बड़ी बैठक छत्तीसगढ़ में सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे राज्य की संस्कृति और अतिथि देवो भव की भावना का दुनिया भर में फैलाव होगा। छत्तीसगढ़ की संस्कृति की सुगंध, छत्तीसगढ़ की माटी की महक दूर देशों से पधारने वाले देवतुल्य अतिथियों के माध्यम से और अधिक विस्तारित होगी। हमारी अनूठी संस्कृति धर्म दर्शन अध्यात्म का प्रसार नए सोपान छुएगा। दुनिया देखेगी कि भारत के इस राज्य का निर्माण और विकास किस दूरगामी सोच के साथ किया गया है। दुनिया अनुभव करेगी कि मजबूत भारत के मजबूत छत्तीसगढ़ में ठोस धरातल पर विकास की बुनियाद किस तरह रखी गई है। भारत के विश्वप्रतापी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के विकास को प्राथमिकता देते हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष साव ने कहा कि अब प्रदेश की सभ्यता और संस्कृति को विश्व के कोने कोने में पहुंचाने मोदी जी ने जी- 20 का अति विशेष कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में करवाने स्वयं फोन करके निश्चित करवाया है।

भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में 26 जनवरी से हाथ जोड़ो यात्रा होगी शुरू

- भारत जोड़ो पदयात्रा देश के लोगो में उम्मीद की नई किरण जगा रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोडो पदयात्रा ने 94 दिन पूरा कर लिया है। भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को जनता तक पहुंचाने कांग्रेस पार्टी हाथ जोड़ो यात्रा देश भर में निकालेगी। छत्तीसगढ़ में भी हाथ जोड़ो यात्रा हर विधानसभा तक जायेगी जिसके माध्यम से सामाजिक सौहादर्य देश की एकता अखंडता का संदेश दिया जायेगा। इस हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस घर-घर जायेंगे। हाथ जोड़ो अभियान सभी विधानसभा में 26 जनवरी से शुरू होकर बूथो तक जायेगी, हर जिलों में अधिवेशन होगा तथा समापन में बड़ी रैली राज्य स्तर पर होगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दे रहे है। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, सामाजिक वैमनस्यता के खिलाफ देश की जनता में जनजागरण पैदा कर रहे। भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर राजस्थान तक भारत के जनमन में रच बस गयी है। सारा भारत अपनी तकलीफों के निदान को लेकर एकजुट हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगो मे उम्मीद की नई किरण जगा रही। राहुल गांधी प्रेम उम्मीद और सद्भावना के नये बीज बोते चल रहे है। देश की जनता राहुल गांधी की पदयात्रा को हाथों हाथ ले रही है। राहुल गांधी की पदयात्रा से विघटनकारी ताकतों के हौसले पस्त हुए है। देश के लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है कि अराजक तत्व भारत की अनेकता में एकता के मूल मंत्र के सामने घुटने टेकने को विवश हुए है। यह राहुल गांधी की यात्रा की बड़ी सफलता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जिस तरह अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारा से फिरंगी हुकूमत डरी और देश को आजादी मिली उसी तरह भारत जोड़ो यात्रा में लग रहे नफरत भारत छोड़ो की नारा से भाजपा और उनके नफरती गैंग बेचैन हो रहे है। भारत जोड़ो पदयात्रा से वही लोग परेशान हो रहे हैं जिनका मुख्य एजेंडा नफरत फैलाकर अपनी राजनीतिक रोटी को सेंकना है। भारत जोड़ो पदयात्रा में नफरत भारत छोड़ो के नारे से भाजपा और उसके सहयोगी संगठन क्यों परेशान हो रहे हैं? भाजपा की परेशानी से स्पष्ट समझ में आ रहा है कि उनकी नफरत फैलाने की एजेंडा अब खत्म हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि बीते 8 साल से अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति पर भाजपा काम कर रही है जात से जात और धर्म से धर्म को लड़ाने का बार-बार षड्यंत्र किया जा रहा है देश की गंगा जमुनी तहजीब को खंडित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती वन अधिकारियों की संयुक्त बैठक

रायपुर। मानव-वन्यजीव द्वंद एवं वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण विषय पर छत्तीसगढ एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती वन अधिकारियों की संयुक्त बैठक 09 दिसंबर भोरमदेव अभ्यारण्य चिल्फी परिक्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के विश्राम भवन चिल्फी में आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में विचरण कर रहे हाथी, शेर और अन्य वन्यप्राणियों की निगरानी, सुरक्षा, मानव-वन्यप्राणी द्वंद, वन्यप्राणी शिकार की रोकथाम, वन अपराध पर नियंत्रण आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। वनमण्डलाधिकारी कवर्धा चूड़ामणि सिंह ने सर्वप्रथम उपेन्द्र दुबे, डब्लूडब्लूएफ इंडिया के द्वारा पावर प्वाईंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अचानकमार टायगर रिजर्व, फेन अभ्यारण्य, कान्हा टायगर रिजर्व मध्यप्रदेश और भोरमदेव अभ्यारण्य के कोरीडोर में विचरण कर रहे शेर-हाथियों की गतिविधियों पर जानकारी दी।

वंदे भारत एक्सप्रेस का छत्तीसगढ़ में स्वागत, लेकिन ट्रेनबंदी पर मौन क्यों है भाजपा के सांसद : कांग्रेस

- वंदेभारत एक्सप्रेस की टिकट महंगी गरीब आदमी के पहुंच से बाहर गरीब आदमी के बंद ट्रेन को शुरू कराये भाजपा के सांसद

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन छत्तीसगढ़ में शुरू होना छत्तीसगढ़ के लिए खुशी की बात है। वंदे भारत ट्रेन से भी ज्यादा जरूरी है देश के लोगों की नियमित रेल सेवा बहाल की जाये। एक वंदे भारत ट्रेन महीनों से बंद सैकड़ो ट्रेनों का विकल्प नही बन सकता। वर्तमान में मोदी सरकार ने अकेले छत्तीसगढ़ की रेल सुविधाओं को लगभग बंद कर दिया है, उसको नियमित किया जाये। आजादी के पहले से रेल आम आदमी की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। मोदी सरकार ने इसको तबाह कर दिया है। राज्य की सारनाथ और नोतनवा जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों को 68 दिनों के लिये बंद कर दिया गया है। भाजपा के सांसद इस पर एक शब्द भी नही बोले। भाजपा के सांसद संतोष पांडेय जो वंदे भारत ट्रेन शुरू करने के लिए रेल मंत्री का आभार व्यक्त कर रहे हैं उन्हें प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि प्रदेश में बीते 11 महीना से 2600 से अधिक जो ट्रेन बंद हुई है जिस के चलते प्रदेश के ट्रेन यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अचानक ट्रेन रद्द कर दी जाती है महीनों पहले यात्रा के लिए आरक्षित टिकटों को रद्द कर दिया जाता है और लगातार मोदी सरकार छत्तीसगढ़ में ट्रेनबंदी कर रही है। संतोष पांडेय सहित भाजपा के अन्य सांसदों की रुचि बंद ट्रेनों को शुरू कराने नही है? क्या छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा के सांसदों को सिर्फ मोदी के गुणगान करने चुना है? भाजपा के सांसदों को प्रदेश की जनता की आवाज सदन में उठाना चाहिए। अभी चल रहे शीत कालीन सत्र में क्या भाजपा के सांसद ट्रेनबन्दी की समस्या को उठायेगे?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन की टिकट महंगी है जो गरीब जनता के पहुंच से बाहर है उक्त ट्रेन के चलते अन्य ट्रेनों को लेट किया जा रहा है जिसके कारण आम जनता को भी यात्रा के दौरान जो ट्रेनें चल रही है उस के माध्यम से गंतव्य तक जाने में भारी लेटलतीफी का सामना करना पड़ रहा है और गरीबों के जो ट्रेन एक्सप्रेस सुपरफास्ट लोकल ट्रेन बंद है छत्तीसगढ़ की जनता जो लोकल ट्रेन के माध्यम से एक शहर से दूसरे शहर अपने रोजमर्रा के कामों को निपटाने परिवार के सदस्यों का इलाज कराने और छात्र पढ़ाई करने के लिए जाते हैं प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले भी इस ट्रेन के माध्यम से रोजाना आनाजाना करते हैं वह बीते 11 महीने से हताश और परेशान हैं जहां यात्री ट्रेनों को बंद कर दिया गया है उसी रूट पर कोयला लेकर धड़ाधड़ती हुई ट्रेन राज्य से बाहर जा रही है और यात्री ट्रेन जिसमें गरीब सस्ते दरों में टिकट खरीद कर अपने गंतव्य तक परिवार से पहुंच सकते हैं उन ट्रेनों बन्द कर दिया गया है। संतोष पांडे सहित भाजपा के सांसदों को इसको शुरू कराने के लिए अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेन्टर में आगन्तुकों की उमड़ी भीड़

रायपुर। छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेन्टर रायपुर में 10 दिसंबर को हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दिन के सुहावने मौसम में कवर्धा जैसे दूर-दराज स्थानों में से छात्र-छात्राओं द्वारा सेन्टर का भ्रमण किया गया। एक ही दिन का आगंतुक आंकड़ा 1000 से अधिक हो गया। दिसम्बर माह के 10 दिनों में 23 विद्यालयों से 2000 से अधिक छात्रों सहित प्रयास और एकलव्य विद्यालयों से विभिन्न जनजातियों के विद्यार्थियों के साथ विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के छात्रों द्वारा भी रायपुर के छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेन्टर का भ्रमण किया गया। छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेन्टर में कई आकर्षक गतिविधियाँ जैसे 3-डी शो, तारामण्डल लगातार आगंतुकों को आकर्षित करता है। साथ ही 3 डी शो में दिखाई जाने वाली नासा पर आधारित 3 डी फिल्म एवं तारामण्डल में दिखाया जाने वाला रात्रिकालीन आकाश के साथ विज्ञान के प्रदर्शों से सुसज्जित विशालकाय हरा-भरा साईंस पार्क भी आगंतुकों की भीड़ को परिसर में आने के लिए आकर्षित करता है।

रायपुर के गौरवशाली इतिहास के पिटारे से आज निकली कई अनगिनत कहानियां

- किस्सा मोर रायपुर का' कार्यक्रम में युवाओं ने जाना अपने शहर का महत्व

रायपुर/नवप्रदेश। प्राचीन काल से ही देश एवं राज्य में रायपुर की महत्ता रही है। आर्थिक, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक रूप से रायपुर प्रमुख स्थान रहा है । रायपुर के इस इतिहास के पिटारे को खोल आज के युवाओं के समक्ष रखना आवश्यक था इस हेतु रायपुर स्मार्ट सिटी एवं भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक द्वारा आज शाम 6 बजे बूढ़ा तालाब में *किस्सा मोर रायपुर का कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता भारतीय सांस्कृतिक निधि छ.ग. के संयोजक अरविंद मिश्र ने रायपुरवासियों को रायपुर के स्वर्णिम इतिहास से रूबरू कराया। बूढ़ातालाब और स्वामी विवेकानंद जी की अध्यात्मिक यात्रा की चर्चा की गई, साथ ही राज्य के शूरवीर और पराक्रमी स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हे याद कर उनकी गाथाओं को पुर्नजीवित किया गया। मिश्र ने बताया कि किस तरह शहीद वीर नारायण सिंह ने अंग्रेजों के पसीने छुटवा दिए थे, उन्हें पकड़ने के लिए अंग्रेजों की पूरी फौज ने अपनी एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। अपने राज्य के इस युवा सेनानी की गाथा सुन युवाओं में ऊर्जा का संचार निश्चित रूप से देखा गया। रायपुर शहर के कोने-कोने से आए नागरिकों ने अपनी विशिष्ट कला का प्रर्दशन भी किया। इस अवसर पर इतिहासकार एवं लेखक आशीष सिंह ठाकुर जी, भारतीय सांस्कृतिक निधि छ.ग. के संयोजक अरविंद मिश्र एवं स्मार्ट सिटी की टीम उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में निवास योग्य शहरों की रैंकिंग में अपने शहर की सुविधाओं के संबंध में बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा फीडबैक भी दिए गए।

ठंड से लोगों को बचाने उपाय करने के निर्देश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल ने शीत लहर एवं कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए हरसंभव उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिले के सभी तहसीलदार,एसडीएम और नगरपालिका अधिकारियों की बैठक लेकर हालात की समीक्षा की है। कलेक्टर रजत बंसल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन के इस संबंध में जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि शहरों में महत्वपूर्ण स्थलों- रेल स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल, बाजार आदि क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये। और इसका सतत निरीक्षण किया जाए। रैन बसेरा,नाइट शेल्टर, वृद्धाश्रमों में पर्याप्त मात्रा में चादर, कम्बल और अन्य जरूरी सामग्री का इंतज़ाम रखा जाए। यदि जरूरी हुआ तो सामुदायिक भवनों का इस्तेमाल भी रैन बसेरा के तौर पर किया जाए। झुग्गी-झोपड़ी और समाज के कमजोर लोगों के लिए समाजसेवी संस्थाओं, सीएसआर मद से कम्बल,गर्म कपड़े दान के लिए प्रोत्साहित किया जाये। आम नागरिकों को भी दान के लिए प्रेरित किया जाये। नेकी की दीवार अथवा सामग्री कलेक्शन के लिए वाहन चलाए जाने चाहिए। ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए उपाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को भी सचेत किया गया है।झ

धान को बारिश से बचाने के निर्देश जारी

बलौदाबाजार//नवप्रदेश। मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर रजत बंसल ने आज पत्र जारी कर सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त वयस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधा कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह सुबह धान बेचने आते है तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम, जनपद सीईओ,सहकारिता,बैंक,खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश दिए है।

भागवत कथा में पहुंचे विजय

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गनिया में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना दर्शन कर क्षेत्र के सुख समृद्धि के लिए कामना किया। इस अवसर पर भागवत साहू सचिव किसान कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़, दिनेश तिवारी, ताराचंद भास्कर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

लोन दिलाने के नाम पर 44 लाख की धोखाधड़ी

खैरागढ़/नवप्रदेश । लोन दिलाने के नाम पर नगर के कपड़ा व्यवसायी से 44 लाख 56 हज़ार 47 रुपए की ठगी हो गई । इतवारी बाजार निवासी लक्की गारमेंट्स के संचालक जिया उल हक अशरफी ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है । बताया कि 14 जनवरी 2021 से क्रमबद्ध तरीके से उन्हें ठगी का शिकार बनाया गया 7 इंडिया बुल्स कंपनी का कर्मचारी बताकर ललिता शर्मा नाम की महिला ने उनसे लोन की आवश्यकता पूछी फिर कम ब्याज में लोन दिलाने का लालच देकर सबसे पहले बीमा के नाम पर 18,199 रुपए जमा कराए जिया उल ने बताया कि उन्होंने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाता में फोन पे के माध्यम से 18,199 रुपए , 18 जनवरी 2021 को जमा किया । लोन ब्लॉक खुलवाने के नामा पर 21199 रु , अन्य टैक्स के नाम पर 31699 रु . कोटक महेन्द्र बैंक के खाते में जमा किया । 29 जनवरी 2021 को कैपीटल स्माल फायनेंस बैंक लिमिटेड के खाते में 47199 रुपए एवं 11 फरवरी 2021 को महेन्द्रा बैंक के खाते में 32699 रुपए जमा किए । पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफआईपीसी की धारा 420 और आईटी एक्ट की धारा 660 के तहत मामला पंजीबद्ध का जांच शुरू कर दी है।

अंबेडकर के निर्वाण दिवस में छग के कार्यकर्ता हुए शामिल

दल्ली राजहर/नवप्रदेश। भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 66 वें परिनिर्वाणदिवस पर परिनिर्वाण भूमि सम्मान समिति द्वारा 26, अलीपुर रोड दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान सभा एवं रैली में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े एवं राष्ट्रीय महासचिव सुनील रामटेके के नेतृत्व में शामिल हुए। जिनमें प्रमुख रूप से धर्मेंद्र मेश्राम कोंडागांव , कमलेश रामटेके जगदलपुर, वीरेंद्र बोरकर डोंगरगांव, प्रतिमा वासनिक राजनांदगांव , अनिल रामटेके कोर्रामटोला (मोहला), सुजाता रामटेके भिलाई, दिलीप सुखदेवे एवं रवि बारसागड़े दल्लीराजहरा, नलिनी मेश्राम डोंगरगढ़, राजेश हुमने , मनोज बौद्ध, प्रफुल्ल गेड़ाम बिलासपुर, तामेश्वर तुरकाने दुर्ग की उपस्थिति रही । इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर परिनिर्वाण भूमि सम्मान समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने राष्ट्रीय सम्मान सभा एवं रैली को संबोधित करते हुए पिछले 22 वर्षों में किए गए आंदोलनों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही दिल्ली विधानसभा के सामने 26,अलीपुर रोड दिल्ली में स्थित भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की परिनिर्वाण भूमि को राजघाट जैसा दर्जा एवं बड़ा भूमि परिसर देने की मांग की।

सावधान! जान का दुश्मन बना आरटीओ, चढ़ावा मिलने पर कंडम वाहनों को भी मिल रहा फिटनेस सार्टिफिकेट

■ फिटनेस जांच करानी है तो आरटीओ दफ्तर को भी करना होगा 'फिट'

आरटीओ में लाइसेंस से लेकर वाहन ट्रायल तक हो रही जम

आरटीओ विभाग के संरक्षण में सड़कों पर बेधड़क दौड़ रही बिना परमिट और अनफिट बस, ट्रक और स्कूल वाहने

बालोद/नवप्रदेश। जिले में हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। प्रति वर्ष जिले में सैंकड़ो लोगों की जान सड़क हादसे में जा रही है। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। हादसों का एक कारण सड़क पर दौड़ रहीं अनफि ट गाड़ियां भी मानी जा रहीं हैं। सड़क हादसों को रोकने में अहम कड़ी माने जाने वाले आरटीओ विभाग ही जमकर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। चढ़ावा मिलते ही आरटीओ अफसरों द्वारा कंडम वाहनों का भी फिटनेस सर्टिफिकेट बड़ी ही आसानी से जारी कर दिया जा रहा है। इससे हो यह रहा है कि कागजों पर तो हर गाड़ी फिट है, लेकिन सड़क पर आधे वाहन भी इसका पालन नहीं करते हैं। हालत यह है कि कंडम बसें धड़ल्ले से सवारी ढो रहीं हैं जिनकी हालत खस्ताहाल हो चुकी है। मालवाहक वाहनों का भी यही हाल है।गौरतलब हो कि वाहनों की फिटनेस नियमित रूप से करानी होती है। किसी भी व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस हर साल करानी होती है। इसके लिए विभाग में फिटनेस शुल्क जमा करना होता है। ये शुल्क वाहन के हिसाब से अलग-अलग होता है। लेकिन बालोद के आरटीओ कार्यालय में सारा काम एजेंटों के माध्यम से होता है। इसके लिए एजेंट वाहन मालिकों से हर काम के लिए ज्यादा रुपए वसूलते हैं। वहीं आरटीओ के कुछ लोग भी इस काम में पूरी तरह से संलिप्त हैं। बता दे कि वाहनों की फिटनेस जांच करानी है तो आरटीओ दफ्तर को भी 'फिट' करना होता है। यहां वाहन फिटनेस कराने पर निर्धारित फीस के अलावा मोटी रकम भी देनी होती है। वसूली का पूरा खेल उजागर करने वाली खबरों के बाद विभाग में खलबली है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक एजेंट ने बताया कि हम लोग वाहन मालिक से ज्यादा रुपए नहीं लेंगे तो काम ही नहीं हो पाएगा, विभागीय अमला फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने के लिए हर फाइल पर मोटी रकम की मांग करते हैं।

जनसंपर्क विभाग के भरोसे विभाग की छवि चमकाने की कोशिश

दलालराज की लगातार खबरों के बाद बालोद आरटीओ दफ्तर में खलबली है। इस मामले में बैकफुट पर आए संलिप्त अधिकारी व कर्मचारी विभाग की साख बचाने हाथ-पांव मार रहे हैं। आरटीओ के बाहर दलालों की दुकानें कैसे सजती हैं, डीएल से लेकर वाहनों की फिटनेस और पंजीकरण तक दलालों के बिना नहीं हो पाता ये सब जगजाहिर है बावजूद इसके बालोद जनसंपर्क विभाग के भरोसे विभाग की छवि चमकाने की कोशिश हो रही है। जनसंपर्क विभाग सरकार और मीडिया के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है। उनकी सजगता और कार्य कुशलता शासन-प्रशासन की छवि निर्माण में योगदान होता है। लेकिन जिले का जनसंपर्क विभाग खंडन समाचार के बूते इस कोशिश में लगा हैं कि किसी तरह से आरटीओ की भर्राशाही पर लीपापोती कर लें।

सिर्फ जेब भरने तक सीमित

फिटनेस के नाम पर परिवहन विभाग सिर्फजेब भरने तक सीमित है। इन वाहनों से सड़कों पर भले ही हादसे होते रहे। किसी को कोई चिंता नहीं है। पड़ताल की तो पता चला कि फिटनेस के लिए आने वाले ज्यादातर वाहन एजेंट के माध्यम से पहुंचते हैं। जिसके लिए वे तय फीस से अधिक रुपए वसूलते हैं। वाहन का मिनटों में फिटनेस हो जाता है। आरटीओ दफ्तर में ही कई वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियां का चेसिस नंबर फॉर्म पर रगड़ते देखा जा सकता है। फिटनेस के लिए शुल्क के अलावा भी वाहन मालिकों से रकम मांगे जा रहे है। जानकारी के हिसाब से जिले के बाहर से आने वाली बड़ी गाड़ियों के फिटनेस के लिए 4000 रुपए और छोटी मालवाहक गाड़ियों का 3000 रुपए कमीशन के तौर पर लिया जाता है। और अगर बड़ी मालवाहक गाड़ियां इसी जिले की हो तो 3000 रुपए और छोटी गाड़ियों का 1500 रुपए बतौर सुविधा शुल्क लिया जाता है।

बच्चों ने जमकर लगाई दौड़ और खूब फोड़ी मटकी

भिलाई/नवप्रदेश। सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए रविवार को आयोजित वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' में भिलाई स्टील प्लांट, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल और आयकर के साथ जिला व पुलिस प्रशासन के गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दी।

भिलाई निवास के सामने स्थित दिव्यांग खेल मैदान में उद्घाटन अवसर पर पहुंचे भिलाई स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने याद किया कि पिछली बार वह इन बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखने पहुंचे थे। दासगुप्ता ने कहा कि उस दिन मंच पर यह सारे बच्चे जितने सहज थे आज खेल के मैदान में भी उतनी ही ऊर्जा के साथ अपनी सहभागिता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों का हौसला बढ़ाने समाज को हमेशा तत्पर रहना चाहिए, जिससे ये समाज में हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर उपस्थित समस्त अतिथियों ने प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाकर औपचारिक उद्घाटन की घोषणा की।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डीआईजी थामस चाको ने कहा कि इन बच्चों के प्रति सिंपैथी नहीं एंपथी का भाव रखना है। इन्हें दया करूणा से ज्यादा हौसला अफ्जाई की जरूरत है। द्वितीय सत्र में पहुंचे जिले के पुलिस कप्तान डा अभिषेक पल्लव ने कहा कि यहां मौजूद सभी बच्चों में गहरी प्रतिभा छिपी है। इन्हें हम प्रोत्साहित करते रहें तो ये बच्चे पैरालम्पिक खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। आयोजन की शुरुआत में अतिथियों ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से आए इन विशेष बच्चों से मुलाकात की और इसके बाद हरी झंडी दिखा कर दिव्यांग बच्चों की दौड़ शुरू की।अतिथियों ने विभिन्न दिव्यांग स्कूलों के स्टॉल का निरीक्षण किया तथा दिव्यांग बच्चों के साथ कुछ पल बिताए। दिन भर चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अलग-अलग सत्र में अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दी और सभी बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान आयोजकों की ओर से सभी स्कूलों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

कांग्रेस में शामिल हुए मोहारीभाठा के ग्रामीण

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के मौहारीभाठा के लोगों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के समक्ष कांग्रेस की नीतियों व क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया। कांग्रेस प्रवेश करने वाले लोगों को संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।आज रविवार को कांग्रेस के आईटी सेल के महामंत्री रवि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शहर के मौहारीभाठा के लोग संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात। बाद इसके कांग्रेस की नीतियों व विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में शकील अली, शरीफअली, हनीफखान, प्रकाश, हसीना खान, लती साहू, उर्मिला धीवर, बोधयारिन यादव, दीना साहू, रमशीला यादव, मोनिका यादव, शकी अलली, रिंकु, साजू अली व विमला साहू शामिल हैं। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कांग्रेस प्रवेश करने वालों को गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। संसदीय सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार कार्य कर रही है। उससे छत्तीसगढ़ की जनता का समुचित विकास हो रहा है। जिससे लोग स्वस्फूर्त होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

आज से खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

■ 12 से 18 दिसंबर तक चलेगी गतिविधि स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर करेंगे भ्रमण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राज्य शासन एवं जिला कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले में फाइलेरिया की रोकथाम हेतु 12 से 18 दिसम्बर तक सामूहिक दवा सेवन गतिविधि आयोजित की जा रही है जिसके अंतर्गत 2 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दवाई का सेवन करवाया जाएगा। फाइलेरिया हेतु आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया है। बैठक में उन्होंने जन समूह में फाइलेरिया दवा सेवन को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसी प्रकार की भ्रांतियों को दूर करने के भी निर्देश दिये। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की

दवा सेवन की गतिविधि अंतर्गत मितानिन तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र व्यक्ति को दवाई का सेवन अपने समक्ष ही करवाएंगे। इसके तहत 2-5 वर्ष तक के बच्चों को डी ई सी की एक गोली,6-14 वर्ष को 2 गोली तथा 15 वर्ष से अधिक को 3 गोली दी जाएगी । उक्त सभी आयु वर्ग को डी ई सी के साथ 1-1 गोली एल्बेंडाजोल की भी खिलाया जाना है । दो वर्ष से कम, गर्भवती महिलाएं तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को फाइलेरिया की दवाई नहीं देनी है। दवा खाली पेट भी नहीं लेनी है। सीएमएचओ ने कहा की फाइलेरिया जिसे आम बोलचाल की भाषा में हाथी पांव भी कहा जाता है क्यूलेक्स मच्छर के काटने से पैदा होता है यह मच्छर अपने साथ के कृमि का संक्रमण जब किसी स्वस्थ व्यक्ति को देता है तो लंबे समय पश्चात उस व्यक्ति को फाइलेरिया रोग हो जाता है । फाइलेरिया का कोई उपचार नहीं है अतः इससे बचाव के लिए ही यह सामूहिक दवा सेवन गतिविधि क्रियान्वित की जा रही है।

डॉ. आस्था को मिला आईसोक फेम व बेस्ट इनोवेटर अवार्ड

दुर्ग/नवप्रदेश। इनोवेटिका स्कूल ऑफकॉस्मेटिक्स मुंबई ने पुणे स्थित शांताई हॉटल में सौंदर्य प्रसाधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए छत्तीसगढ़ के दुर्ग की डॉ. आस्था पाटकर को आईसोक फेम 2022 और बेस्ट इनोवेटर ऑफ दि ईयर 2022 अवार्ड दिया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. आस्था पाटकर ने क्लीनिकल कॉस्मेटिक प्रोडक्ट पर रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट कर बेहतर परिणाम देने वाले उत्पादन निर्माण तथा अब तक हाईलोरोनिक एसिड, नियासिनामाइड, रेडेंसिल जैसे विख्यात इंग्रेडिएंट्स का अपने उत्पादन में उपयोग करने के साथ-साथ विटामिन-बी3 जेल, चारकोल सोप और स्टेरॉयड फ्री व पैराबेन फ्री कॉस्मेटिक्स उत्पादन पर अधिकतक काम किया है। पूरे भारत की 30 हजार ब्रांड्स में से 85 ब्रांड के बीच हुई लगभग एक महिने की वोटिंग में आस्था को इस पुरस्कार के

योग्य माना गया। सौंदर्य उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नाम अर्जित करने वाली आस्थाा को विश्वास है कि उनका उत्पादन देश के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ की आम जनमानस के बीच अधिक लोकप्रिय हो। उन्हें यह पुरस्कार विख्यात पत्रकार निशरीन पूणावाला ने 30 वर्ल्ड रिकॉर्ड हॉल्डर यंगेस्टर रेकी मास्टर एण्ड क्रिस्टल हीलर डॉ. भूमिका गाला की विशेष उपस्थिति में दिया। इस अवसर पर इनोवेटिका स्कूल ऑफ कॉस्मेटिक्स की मैनेजिंग डॉयरेक्टर हर्षा शाह एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर रूषभ शाह के अलावा सौंदर्य प्रसाधन के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे हिन्दी के साहित्यकार-व्याख्याता डॉ. राजेन्द्र पाटकर, अंग्रेजी की व्याख्याता मीना पाटकर की पुत्री एवं आदर्श पाटकर की बहन हैं।

आत्मरक्षा हमारा बुनियादी अधिकार, स्कूली छात्राओं को सिखा रहे आत्मरक्षा के गुर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आईटीबीपी के सेनानी अनन्त नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में गातापर जंगल स्थित सीनीयर सेकेण्डरी स्कूल में प्रधानाचार्य ममता अग्रवाल के अनुरोध पर आईटीबीपी के कराते प्रशिक्षक बीबी दलाई द्वारा स्कूल की छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आत्मरक्षा के गुर सिखाये जिससे छात्र व छात्राएं काफी लाभान्वित हुये।

शनिवार को स्कूल के प्रातः कालीन सत्र में आईटीबीपी गातापार जंगल में कराटे के प्रशिक्षक सहायक उप निरीक्षक बाउरी बंधु दलाई द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गातापार (जंगल) के प्रांगण में कराटे-मार्शल आर्ट के बारे में छात्राओं को बेसिक जानकारी दी गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं कराटे जैसी कला को सिखने में रूचि दिखाई।

प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को बताया गया कि कराटे के माध्यम से किस तरह से अपना बचाव किया जाता है। इस सत्र के दौरान न सिर्फआत्मरक्षा के गुर सिखाये गये, बल्कि राह चलते किस तरह दूसरों की मदद करें उसके बारे में भी संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस प्रोग्राम के तहत छात्राओं को पंच, किक, ब्लॉक, हाथ का छुड़ाना, बालों का छुड़ाना आदि सुरक्षा के तमाम दांव-पेंच के बुनियादी गुर सिखाये गये। यह कार्यक्रम प्रतिदिन स्कूल की दिनचर्या को प्रभावित किये बिना अलग-अलग समय की उपलब्धता के आधार पर चलाया जायेगा।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त स्कूल-कालेज आने-जाने वाली बालिकाएं मनचलों द्वारा छेड़खानी जैसे दुस्साहस का सामना कर पायेंगी, जिससे बालिकाओं का मनोबल बढ़ेगा ओर वे अपनी रक्षा के लिए खुद तैयार रहेंगी। ई समवाय गातापार आईटीबीपी के सहायक सेनानी श्याम लाल ने स्कूली छात्राओं का आत्म-विश्वास बढ़ाया और कहा कि किसी भी दुस्साहस को चुपचाप नहीं सहना है, बल्कि उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिये। आईटीबीपी हर क्षण जनता की सेवा के लिये कृत-संकल्पित है और अपने मोटो शौर्य दृढ़ता कर्मनिष्ठा को चरितार्थ करती है। इस कार्यक्रम के दौरान बल के निरीक्षक सूर्य प्रकाश मिश्रा, अन्य हिमवीर एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की प्रचार्या ममता अग्रवाल सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

जल के उपयोग से पहले उसके संरक्षण के बारे सोचना भी जरूरी: छन्नी साहू

■ बांधा बाजार में शत-प्रतिशत नल कनेक्शन पर मनाया जल उत्सव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बांधाबाजार में जल जीवन मिशन के तहत शत प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन के क्रियाशील होने पर जल उत्सव (पानी तिहार) मनाया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुईं खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने जल के उपयोग से पहले, उसके संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद वॉटर हार्वेस्टिंग और पानी के बचत के दूसरे उपायों पर भी ध्यान देना जरुरी है। राजनांदगांव डिवीजन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और यूनिसेफ (एक्शन फॉर

कम्युनिटी एंपावरमेंट) के संयुक्त तत्वाधान में अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के ग्राम बांधाबाजार में आयोजित इस कार्यक्रम में विभाग के एसडीओ महेश कुमार साहू और यूनिसेफ के जिला समन्वयक अनिमेश राय भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत में छोटे बच्चों ने नृत्य और गायन की प्रस्तुति दी जिसे सराहा गया।

विधायक छन्नी साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, स्वच्छ जल हम सबका अधिकार है और जल संरक्षण करना हम सब का कर्तव्य। सोख्ता गड्ढा बनाना आज समय की मांग है। पीएचई से एसडीओ महेश साहू ने सभी से अपील की कि घरेलू क्रियाशील नल कनेक्शन के माध्यम से ही जल का उपयोग करें। जल कर के लिये भी उन्होंने सभी को जागरूक किया। यूनिसेफ के अनिमेष राय ने कहा कि, जल जीवन मिशन के आने से गांव में विकास का नया अध्याय शुरू होगा व लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा।

कार्यक्रम के आखिर में ग्रामीणों ने जल शपथ ली। अतिथियों ने यहां छोटे बच्चों को पुरुस्कृत भी किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बांधाबाजार की सरपंच प्रीति चौहान, वरिष्ठ नागरिक महेंद्र शर्मा, रामकिशन खंडेलवाल, नजीर खान, रंजन सिंह बोगा, उदेराम यादव, बसंत मंडावी, हरिराम परतेती, नारद टेम्भुरकर, ममता गायकवाड़, शालिनी सुखदेवे, जमुना बाई, निम्मी, परमेश्वरी, जसवंत साहू, ग्राम पानी समिति की जल बहीनी ममता मेश्राम मौजूद थीं।

संतुलित वेग, सुरक्षित जीवन : डॉ साहू

खरोरा/नवप्रदेश। स्व रामप्रसाद देवांगन शास महाविद्यालय, खरोरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक हिमांशु ध्रुव ने लापरवाही पूर्वक और शराब पीकर गाड़ी चलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया। अपनी गलती के कारण किसी राहगीर का नुकसान न हो, जिस पर उसका परिवार आश्रित है; नहीं तो राजा दशरथ की तरह हम अपने आपको कोसते रहेंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ऑनलाइन चालान के रूप लगने वाले जुर्माना के बारे में भी जानकारी दी गई। भूगोल के प्राध्यापक जे पी खटकर ने 'नजर हटी, घटना घटी' नारा का वाचन कर सावधानी पूर्वक आने-जाने की बात कही। शराब पीकर, लापरवाही पूर्वक और तेज गति से गाड़ी चलाने वाले लोगों को संभावित घटना से अवगत करा नियंत्रित गति में चलने कहें, नहीं मानने पर शिकायत करने, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने आदि का आह्वान किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने जीवन के विविध कार्य-व्यापार को सम्पन्न करने सड़क मार्ग की सहायता से एक स्थान से दूसरे स्थान जाते हैं। अतएव सभी सुरक्षित रहकर आना-जाना करें। नियंत्रित गति से चलें। क्योंकि संतुलित वेग से ही चलने पर जीवन सुरक्षित रख सकते हैं। हेलमेट पहनने, यातायात नियमों, सिग्नल का पालन करने, सड़क सुरक्षा के प्रति परिवार और गाँव के लोगों को जागरूक करने आह्वान किया गया। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सी एस ओझा, रचना मिश्रा, बी पी साहू, अंशु ध्रुव के साथ अध्ययनरत अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संभाग स्तरीय महिला प्रकोष्ठ की बैठक आज रायपुर में

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान टहल साहू जी एवं प्रदेश संयोजिका (महिला प्रकोष्ठ) छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ शीलू साहू के निर्देशानुसार 12 दिसंबर दिन सोमवार को

समय 2 बजे भामाशाह छात्रावास टिकरापारा रायपुर 1 बजे निम्नलिखित बिंदुओं पर महिला प्रकोष्ठ की बैठक रखी गई है जिनमे विभन्न विषय पर चर्चा की जाएगी जिनमें प्रमुख रूप से महिला प्रकोष्ठ संगठन संबंधी चर्चा, संभाग स्तर पर महिला प्रकोष्ठ के गठन पर चर्चा,आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में मोहन कुमारी प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, शीलू साहू प्रदेश संयोजिका (महिला प्रकोष्ठ) छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ , चित्रलेखा साहू सह संयोजिका केशरी मोहन साहू संयोजिका रायपुर संभाग (महिला प्रकोष्ठ) की उपस्थिति में, समस्त महिला पदाधिकारी एवं जिला की संयोजिका व महामंत्री प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगें।

वंदे भारत का नागरिकों ने किया अभूतपूर्व स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नागपुर से रवाना की गई ऐतिहासिक वंदे भारत ट्रेन का अपने निर्धारित समय के अनुसार शाम 4:30 बजे भाटापारा पहुंचने पर विधायक शिवरतन शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों तथा स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। विदित हो की नागपुर से बिलासपुर के मध्य देश की छटवी वंदे भारत की शुरुआत रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुई।सुबह साढ़े 9 बजे अपने पहले सफर में चली वंदे भारत एक्सप्रेस का शाम 4 बजकर 25 मिनट पर भाटापारा आगमन हुआ, जहा हजारों की तादाद में उपस्थित नगर वासियों ने इस ट्रेन का स्वागत किया। विधायक शिवरतन शर्मा ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर बिलासपुर के लिए रवाना किया। इस दौरान उपस्थित जन समुदाय ने वंदे भारत का स्थाई रूप से भाटापारा में स्टॉपेज देने की पुरजोर मांग रखी।ज्ञात हो की उक्त ट्रेन का आज सिर्फ 1 दिन ही स्टॉपेज था। उल्लेखनीय है कि उक्त ट्रेन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू साथ में आए थे उनका भी विधायक शिवरतन शर्मा ने प्लेटफार्म में आत्मीयस्वागत किया

प्रदेश में अन्याय अत्याचार, भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी से जनता त्रस्त है : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम गुर्रा में सी.सी.रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक शिवरतन शर्मा.शामिल हुए वही ग्राम तुरमा और चमारी पहुच कर भी ग्रामवासियों से छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कथनी और करनी के बारे में विस्तृत चर्चा की.. विधायक शर्मा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया है,,प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गरीबो को मिलने वाले आवास में रोक लगाकर लोगो से उनका हक छीना है,,कांग्रेस सरकार को हर हाल में 2023 में छत्तीसगढ़ से विदा होना पड़ेगा। प्रदेश में अन्याय अत्याचार, भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी से जनता त्रस्त है ,,बिजली बिल हाफ का वादा करने वाले अब अतरिक्त राशि जबरन प्रदेश की जनता के साथ छल कर वसूल कर रही है,,प्रदेश की जनता आने वाले चुनाव में इन्हें इस सब चीजों का हिसाब सूत के साथ वापस देगी। उक्त अवसर पर सुरेश यदु,खिलावन चतुर्वेदी,गौरीशंकर जायसवाल,जगतारन दास जोगी,सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

स्वीकृत कार्य, मुआवजा राशि अटकी विकास कार्य ठप, विधायक नाराज, कलेक्टर बोले - कर्मचारियों की कमी

खैरागढ़ छुईखदान/नवप्रदेश। नए जिले की प्रमुख योजनाओं में सिद्धबाबा जलाशय , दनिया मार्ग के मुआवजा प्रकरण और विधायक निधि सहित शासन द्वारा स्वीकृत कार्यों की राशि अटकने को लेकर विधायक यशोदा वर्मा कलेक्ट्रेट पहुँचीं । कलेक्टर डॉ जगदीश सोनकर से मुलाकात की । विधानसभा में 230 करोड़ की लागत से बनने वाले महत्वाकांक्षी सिद्धबाबा जलाशय सहित लगातार शिकायतों के बाद छुईखदान दनिया सड़क में मुआवजा प्रकरण जिला प्रशासन के पास अटकने से प्रभावित किसानों और लोगों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है । कार्य में देरी विधायक वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य अटके पड़े हैं । कलेक्ट्रेट पहुंची विधायक ने कलेक्टर से चर्चा करते कहा कि पिछले तीन माह से विधायक निधि से स्वीकृत किए गए कार्यों में खैरागढ़ विधायक निधि के 3 करोड़ , डोंगरगढ़ विधायक निधि के 1 करोड़ और प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृत 1 करोड़ से अधिक के कार्य पेंडिंग पड़े हैं । कार्यों की

फाइल राजनांदगांव कलेक्टर में जमा होने के बाद माह भर पहले खैरागढ़ कलेक्टर पहुंच चुकी है । विधायक ने कहा कि स्वीकृत कार्यों की सारी कार्यवाही सांख्यिकी विभाग से पूरी हो चुकी है। इन कार्यों में सीसी सड़क , भवन , मंच , नाली , सड़क सहित विभिन्न विकास कार्य शामिल है । छुईखदान क्षेत्र में बनने वाले सिद्धबाबा जलाशय में प्रभावित किसानों और छुईखदान दनिया मार्ग निर्माण में मुआवजा प्रकरणों पर देरी में भी कार्यवाही की बात कही। विधायक निधि प्रभारी मंत्री निधि सहित मुआवजा प्रकरण में देरी के कारण विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है । प्रशासनिक कसावट ला रहे हैं- कलेक्टर इधर , कलेक्टर डा जगदीश सोनकर ने बताया कि जिला प्रशासन में प्रशासनिक कसावट लाने कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। कुछ विभागों और अधिकारियों कर्मचारियों की स्वीकृति अब तक नहीं मिल पाई है। जिसके कारण कुछ कार्यों में समय लग रहा है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही लगातार जारी है । विभागों का संचालन शुरू होते ही इसमें कसावट लाई जा रही है । जिन विभागों की स्वीकृति नही मिली है शासन स्तर पर लगातार पत्राचार जारी है । कहा कि विधायक ने निधि सहित मुआवजा प्रकरणों पर कार्रवाई की बात कही है । उनसे बातचीत में चर्चा के बाद वे संतुष्ट हुई । सारे कार्य समय सीमा में पूर्ण कराए जाएंगे।

मरीजों से मिलने मेडिकल कॉलेज पहुंचीं विधायक छन्नी, मरीज हुए भावुक

■ मेडिकल स्टाफव चिकित्सकों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शुक्रवार की शाम खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कालेज पहुंचीं, जहां उन्होंने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों से भेंट मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। गौरतलब है कि विभिन्न कारणों से खुज्जी विधानसभा के कई मरीज भी जिला मेडिकल कालेज में उपचारार्थ भर्ती हैं और इलाज करवा रहे हैं जिनसे मिलने छन्नी साहू मेडिकल कालेज पहुंचीं थीं। इस दौरान छन्नी साहू अन्य मरीजों से भी बहुत आत्मीयता से मिलीं। मुलाकात के दौरान मरीज अपने बीच विधायक को पाकर भावुक हो उठे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया मरीजों की बातों से छन्नी चंदू साहू भी भावुक हो उठी और उन्होंने

गले लगाकर महिलाओं को जल्द स्वस्थ होने की कामना की और ढांढस बंधाया।

छन्नी चंदू साहू ने आसपास के सभी मरीजों से कहा कि वो सब जल्द स्वस्थ हो जाएंगे और किसी भी प्रकार की कोई असुविधा उन्हें नहीं होगी और यदि किसी प्रकार की कोई अन्य समस्या सामने आती है तो वो उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान छन्नी चंदू साहू ने मेडिकल स्टाफ और वहां के चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए और इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कोताही ना बरतने की समझाइश दी। मेडिकल कालेज में दौरे के दौरान छन्नी चंदू साहू ने वहां के अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया और कहा कि प्रदेश में बैठी कांग्रेस सरकार आम जनता के प्रति स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सदैव प्रतिबद्ध है और हम लगातार इस क्षेत्र में और बेहतर काम करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। मरीजों से बात करते हुए छन्नी चंदू साहू ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का संक्षिप्त विवरण बताते हुए कहा कि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंम्भ करने का निर्णय पहले ही ले लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिए राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 20 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। छन्नी चंदू साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ ऐसा पहला राज्य है, जो इतनी बड़ी राशि अपने राज्य के नागरिकों के इलाज हेतु प्रदान कर रहा है जिससे स्वस्थ्य एवं बेहतर छत्तीसगढ़ का निर्माण किया जा सके, इसलिए आप सभी को किसी भी प्रकार की चिंता करने की जरुरत नहीं है, बस आप सब जल्द ठीक हो कर घर पहुँच जाएं और सदैव स्वस्थ रहने के लिए, योग, व्यायाम वगैरह हमेशा करते रहें।

नवीन धान उपार्जन केंद्र कौहाकुड़ा का हुआ शुभारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ब्लॉक के कौहाकुड़ा में नवीन धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ विधायक भुनेश्वर बघेल के मुख्य अतिथि में किया गया। नवीन धान उपार्जन केंद्र खुलने से आसपास की 7 ग्राम के हजारों किसानों को फायदा होगा। धान उपार्जन केन्द्र खुलने पर किसानों-ग्रामीणों में काफी हर्ष है, किसानों ने इसके लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

विधायक बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली यह सरकार किसानों की सरकार है, 2018 में जबसे हमारी सरकार आप लोगों के आशीर्वाद से बनी है। 24 घंटे किसानों के हित में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने 2500 का वादा किया, उन्हें पूरा किये इस साल 2040-2060 में किसानों का धान खरीद रहे है। आने वाले साल में 2800 तक धान कि खरीदी होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अब धान बेचने लंबी दूरी तय नही करना पड़ेगा व ही धान बेचने में कोई परेशानी होगी। सरकार ने अब टोकन तुंहर द्वार के माध्यम से भी टोकन की सुविधा प्रदान कर दी है। राज्य सरकार किसानों हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का अल्पकालीन कृषि ऋण लगभग 10 हजार करोड रुपए का कर्ज माफ किया, आने वाले समय में किसानों के हित में और भी योजनाएं लागू किये जायेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता कमलेश्वर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हर्षिता स्वामी बघेल, कीर्तन नगपुरे, जनपद सदस्य दामिनी वर्मा, गीतालाल वर्मा, सरपंच टूमन वर्मा ने संबोधित किये।

केसरा में समिति प्रशिक्षण सम्पन्न

पाटन। पाटन ब्लाक के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा में शाला स्तरीय श्रेष्ठ पालकत्व एवं शाला प्रबंधन समिति उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें पालको, सदस्यों व शाला प्रबंधन के पदाधिकारियों ने पालकों का शाला के प्रति अपने दायित्वों पर विचार, एक अच्छे पालक के गुण, विद्यालय के विभिन्न मदों में वित्तीय प्रबंधन में शाला प्रबंधन समिति को मजबूत बनाना ,शाला में हो रही कार्यों का मूल्यांकन ,शाला त्यागी एवम अप्रवेशी बच्चों को शाला से जोड़ना , कक्षावार कथन उत्सव, रीडिंग मेला, सुग्घर पढ़ईया, एस एम सी को एक्शन मोड में लाने पर प्रशिक्षण दिया गया। पालकों में जन जागरूकता के माध्यम से छात्रों को शिक्षा से जोड़ना तथा उनके सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने के बारे में बताया गया।आंगना में शिक्षा, स्कूल रेडीनेस ,नई शिक्षा नीति, एफएलएन जैसे मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा के माध्यम से प्रशिक्षण हुआ। शाला के शिक्षक नारायण साहू और अनकेश्वर प्रसाद महिपाल ने कहा कि शिक्षक पालक और बालक तीनों अगर एक साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें तो हमारा शैक्षणिक लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की भूमिका जैसे विषयों पर पूरे प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित सभी पुरुष और महिला सदस्यों ने अपने अपने विचारों को साझा किया। प्रशिक्षण में विद्यालय से पालकों को

असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग धोबी समाज ने टीआई को सौंपा ज्ञापन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र दल्ली राजहरा के वार्ड क्रं. 18 मोंगरा दफाई क्षेत्र स्थित सामाजिक भवन मे तथाकथित असमाजिक तत्वों द्वारा भवन मे रखे कीमती समानों को चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की गई है । इस सम्बंध मे धोबी समाज दल्लीराजहरा के अध्यक्ष प्रेमसिंह निर्मलकर एंव समस्त पदाधिकारी सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने .पुलिस थाना राजहरा मे थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर ऐसे उपद्रवियों पर तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। सौंपे गये ज्ञापन मे धोबी समाज के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से कहा है कि 08 दिसम्बर की दरम्यानी रात्रि को धोबी समाज सामुदायिक भवन मे कुछ उपद्रवियों के द्वारा खिडकी के शीशे एवं सैप्टिक टैंक सिवरैज लाइन के पाईप को अकारण तोड़ फोड़ किया गया। इससे सामाजिक भवन को काफी क्षति हुई है । इन असमाजिक तत्वों का उद्देश्य सामाजिक भवन में रखे .कीमती सामानों की चोरी करने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है । सामाजिक लोग राजहरा थाने पहुंचे (संबधित वार्ड के लोगो ने थाना प्रभारी को बताया कि वार्ड क्रं.18 मोगरा दफाई क्षेत्र मे .कुछ अवांछित एवं उपद्रवी तत्वों देर रात तक बैठे रहते हैं । इनके द्वारा शराब सेवन एवं अन्य अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता हैं ।वार्ड की महिलाओं ने बताया कि ऐसे आवारा तत्वो का जमघट लगा रहता हैं जिससे वार्ड की महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया हैं। अतः अब ऐसे तत्वों पर पुलिस प्रशासन को अंकुश लगाने साथ साथ सख्ती से पेश आने की जरूरत है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से वार्ड क्रं. 18 मोंगरा दफाई क्षेत्र मे शाम और रात्रि को नियमित पुलिस पेट्रोलिंग करने की मांग रखा है।

करोड़ों के विकास कार्य निविदा प्रक्रिया होने के बाद भी नहीं हुए प्रारंभ

■ निगम द्वारा ढिलाई की शिकायत लेकर लोग पहुंचे विधायक वोरा के पास

दुर्ग। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से ही विधायक अरुण वोरा के लगातार प्रयासों से शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रु की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई। शहरी क्षेत्र में चल रहे बड़े विकास कार्यों के अतिरिक्त नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्डों के आंतरिक विकास के लिए भी अधोसंरचना मद के अंतर्गत 7 करोड़ एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुरूप प्रत्येक वार्ड में 8 लाख के आधार पर 4.6 करोड़ के कार्य हेतु निगम द्वारा निविदा की गई है किंतु प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी ज्यादातर कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो सके हैं। अधिकारियों की उदासीनता एवं ठेका एजेंसी की ढिलाई की शिकायत विधायक अरुण वोरा तक पहुंची है। गौरतलब है कि अक्टूबर महीने में विधायक वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने लगभग सभी 60

वार्डों में 7 करोड़ के कार्यों के लिए मैराथन भूमिपूजन किया था ठेकेदारों को कार्यादेश भी जारी कर दिया गया किन्तु लगातार मॉनिटरिंग के आभाव में अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं। विभिन्न वार्ड के लोगों की लगातार शिकायत मिलने पर वोरा ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन द्वारा राशि मिलने के बाद भी समय पर जनहित के कार्य निष्पादित नहीं करवाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

अधिकारी धरातल पर उतरकर वार्डों में पहुँचे आम जन को सरकार की घोषणाओं का समय पर लाभ दिलाएं एवं सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं में कहीं कोई ढिलाई ना बरतें। उन्होंने इस आशय से कलेक्टर से हस्तक्षेप कर कड़े विभागीय निर्देश जारी करने को कहा है। वोरा ने कहा कि शासन द्वारा लगातार राशि जारी करवाई जा रही है किंतु निश्चित प्रक्रिया को पूर्ण करने में निगम अधिकारियों को और अधिक इच्छाशक्ति दिखाने एवं जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। जनता ढीले ढाले कार्यप्रणाली से आक्रोशित है जहां जहां भी भूमिपूजन किया गया है एवं निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तत्काल कार्य प्रारंभ करवाया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम की भी घोषणा की गई है जिसके लिए अब तक कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी है। उन्होंने कलेक्टर से नगर निगम की विभागीय समीक्षा करने आग्रह किया ।

आज रिसाली में साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

रिसाली। तहसील साहू संघ रिसाली द्वारा 11 दिसम्बर की सुबह 10 बजे से 4 बजे तक दशहरा मैदान रिसाली मे युवक युवती परिचय एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2022 का आयोजन किया गया है।तहसील साहू संघ रिसाली के अध्यक्ष सन्तोष कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्यअतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल राम साहू करेंगे ।विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू , पूर्व हस्त शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू ,जिला साहू संघ के सलाहकार भीखम साहू ,रिसाली महापौर शशि सिन्हा ,जिला साहू संघ भिलाई के अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू ,इंजी एम. के. साहू व तोरन अटल होंगे।

आज से 21 कुंडीय गणेश महायज्ञ का आयोजन रवेली में

कवर्धा/नवप्रदेश। 21 कुंडीय श्री गणेश महायज्ञ का महा आयोजन ग्राम रवेली में 12 दिसंबर से 21 दिसंबर तक फेक नदी के तट पर प्रारंभ होगा जिसमें शोभायात्रा एवं ध्वजारोहण पौष कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12 दिसंबर को 10:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा एवं पूर्णाहुति तथा महाभंडारा 21 दिसंबर को संतों की विदाई से होगी कार्यक्रम में भंडार एवं प्रसाद वितरण का अर्हनिश आयोजन किया गया है कार्यक्रम के आयोजक समस्त ग्रामवासी रवेली के साथ ही साथ समस्त क्षेत्रवासीगण समस्त भक्तगण के तन मन धन के सहयोग से आयोजित की गई है जहां श्री गणेश महायज्ञ के आयोजन के साथ ही साथ प्रतिदिन संगीतमय श्री राम चरित्र कथा का रसास्वादन दर्शक एवं श्रद्धालु कर सकेंगे श्री राम चरित्र कथा का व्याख्यान संत श्री राजीव

लोचन दास जी महाराज के द्वारा प्रतिदिन मुखरित होगी यह समस्त आयोजन के मुख्य व्यवस्थापक आयोजक श्री 108 श्री यज्ञसम्राट श्री सियाराम दास जी महाराज खाखी बाबा मठ हिंगोली महाराष्ट्र जी के आशीर्वाद से फेक नदी के तट पर विश्वकल्याणअर्थ आयोजित की गई है आयोजन में क्षेत्र के जनता से अपील भी किया जा रहा है कि वे तन मन धन से सहयोग कर इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने हेतु अपना योगदान दें।

धान खरीदी पर मंडी शुल्क व कृषक कल्याण शुल्क में विसंगति

महासमुंद/नवप्रदेश। ट्रेडर्स एसोसिएशन महासमुन्द के पदाधिकारियों ने आज रविवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर धान खरीदी पर मंडी शुल्क व कृषक कल्याण शुल्क में विसंगतियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने उचित पहल करने उनकी मांगों की ओर शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया।

आज रविवार को ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी संसदीय सचिव निवास पहुंच कर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि तीस नवंबर 2021 तक सभी व्यापारी जो धान खरीदी करते थे उसके धान के मूल्य पर दो प्रतिशत मंडी शुल्क देना होता था चाहे वह ट्रेडर्स हो या राईस मिलर्स हो या पोहा

मिलर्स या फिर चावल निर्यातक। सभी के लिए एक समान मंडी शुल्क देय था। लेकिन एक दिसंबर 2021 से धान खरीदी करने वाले व्यापारियों को धान के मूल्य पर तीस प्रतिशत मंडी शुल्क एवं दो प्रतिशत कृषक कल्याण शुल्क लगा दिया गया। जिसे समय-समय में परिवर्तन कर दिया गया है। एक जुलाई 2022 से पोहा मिलर्स के लिए धान मूल्य पर मंडी शुल्क एक प्रतिशत कर दिया गया और कृषक कल्याण शुल्क में पूर्णतः छूट प्रदान किया गया है। इस तरह उन्हें चार प्रतिशत की छूट दी गई। इसी तरह 27 जुलाई 2022 से चावल निर्यातकों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। उन्हें मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में पूर्णतः छूट प्रदान की जा रही है। राईस मिलर्स को मंडी शुल्क व कृषक कल्याण शुल्क एक प्रतिशत किया गया है। जबकि धान टेड्डर्स व्यापारियों के लिए कोई छूट प्रदान नहीं की जा रही है। धान खरीदी मूल्य तीन प्रतिशत मंडी शुल्क व दो प्रतिशत कृषक कल्याण शुल्क को यथावत रखा गया है। इससे धान खरीदी के लिए व्यापारी प्रतिस्पर्धा पूर्णतः समाप्त हो गई है। जिसके कारण किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य प्राप्त नहीं हो सकेगा। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने उनकी मांगों की ओर शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया है।

ज्वेलरी दुकान में लाखों की चोरी

नवागढ़/नवप्रदेश। शहर के मध्य स्थित वार्ड 06 में संचालित अटल ज्वेलर्स में चोरों ने बीते रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से चांदी के गहने, सीसीटीवी कैमरा डीव्हिआर सहित करीब 15 हजार रुपए के समान चुरा ले गए हैं। वहीं ज्वेलरी दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। नवागढ़ पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। वारदात को अंजाम देनेवालों का सुराग ढूंढा जा रहा है। अटल ज्वेलर के मालिक कान्हा सोनू का कहना है कि शनिवार की शाम वह दुकान अच्छे तरीके से बंद कर अपने घर को चले गए थे। गुरुवार की सुबह करीब 6.30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे तब उन्हें मोबाइल से सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान के सामने के लोहे के सटर को तोड़कर खोल दिया है। जब कान्हा दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के अंदर सामान पर नजर पड़ी तो होश उड़ गए। दुकान में रखे सारे सामान अस्त-व्यस्त पड़े थे। दुकान के अंदर रखे 7-8 चांदी की अंगूठी वजनी करीबन 40 ग्राम आर्टिफिशियल झुमका टॉप्स 09 नग, आर्टिफिशियल नेकलेस 05 नग, गल्ला में रखे नकदी रकम करीबन 2000 रुपये, कैमरा डीवीआर तथा बीएसएनएल सेट का वाईफाई कुल करीबन 15,000 रुपये का सामान चुरा कर ले गए थे। इससे पहले चोर ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ा दिया था। दोपहर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस नगर के संदिग्ध से पूछताछ कर जानकारी हासिल कर रही है।

संसदीय सचिव ने रसौटा में किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पलारी विकासखंड अंतर्गत अपने गृह ग्राम रसौटा में संसदीय सचिव व विधायक कसडोल सुश्री शकुन्तला साहू ने करोड़ो के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य(लागत 126.43 लाख), आंगनबाड़ी भवन केंद्र क्रमांक 2 में गुरु घासीदास प्रतिमा के पास आहाता निर्माण कार्य(लागत1.75 लाख) एवं सतनाम पारा में मंगल भवन के पास आहाता निर्माण (लागत 6.14 लाख) के लिए भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकेश कन्नौजे , अध्यक्ष छ्.ग. रजक कल्याण बोर्ड ने किया।

संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम विकास को गति प्रदान करते हुए ग्राम पंचायत रसौटा में आज करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात मिली है। जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी व पाईप लाइन का विस्तार किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। साथ ही आहाता निर्माण से उन जगहों में शासकीय, सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक कार्य किये जा सकेंगे उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार गांवों व शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा सरकार का प्रमुख उद्देश्य आमजनों को मूलभूत सुविधाएं पानी , बिजली , सड़क की सुविधाएं प्रदान करना है , जिसके लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार हो रहा है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी सुकालू राम यदु उपाध्यक्ष कृषि मंडी बलोदाबाजार गणेश शंकर जायसवाल पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी मेघनाथ यादव प्रभारी महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी दीपक नायक जनपद सदस्य पलारी लालाराम वर्मा घनश्याम वर्मा लीलाधर यादव राजकुमार साहू हरिश्चंद्र भगवानदास पात्रे दीपाली डहरिया सरपंच राजेश साहू उपसरपंच जितेंद्र सोनवानी दिव्या घृतलहरे संत मणि घृतलहरे दिनेश साहू पर्यटन साहू लक्ष्मीनारायण घृतलहरे नकुल साहू देवेंद्र डहरिया कृष्ण कुमार घृतलहरे जीवन डहरिया अजय वर्मा पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

3765 युवाओं ने नर्सिंग असिस्टेंट बनने के लिए दिखाया कौशल

दुर्ग/नवप्रदेश। स्टेडियम में चल रही नर्सिंग असिस्टेंट नर्सिंग वेटरनरी भर्ती में 3765 युवाओं ने अपना कौशल दिखाया इस दिन के लिए टोटल 7530 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कर रखा था और 307 युवाओं के द्वारा रन पास किया गया इस ट्रेड के लिए टोटल 23000 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन किया है 12 दिसंबर 2022 को रैली का आखिरी दिन है सेना भर्ती रैली में जिला प्रशासन द्वारा प्रतिभागियों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं बुनियादी सुविधाओं के अतिरिक्त खाने पीने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन श्री राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं।

मेजर जनरल धर्मराज राय वीएसएम, एडीजी, आरटीजी, आईएचयक्यू ऑफ एम ओ डी (आर्मी) और ब्रिगेडियर विग्नेश मोहंती कमांडर सीओएसए एच क्यू ने भर्ती रैली के लिए जिला प्रशासन द्वारा कराए गए अवस्थाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मध्य आवागमन की सुविधा बेहतर होने के कारण भर्ती के लिए दुर्गा का चयन किया गया। भर्ती के लिए रविशंकर स्टेडियम अनुकूल है प्रशासन ने बड़ी संख्या में आने वाले आने वाले युवाओं के लिए बेहतर व्यवस्था की है।

कुम्हारी फ्लाईओवर दुर्घटना में जिम्मेदार ठेका कंपनी के लोगों की होगी शीघ्र गिरफ्तारी

दुर्ग/नवप्रदेश। कुम्हारी फ्लाईओवर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठेका एजेंसी के अधिकारियों- कर्मचारियों की गिरफ्तारी 2-3 दिनों के भीतर कर ली जाएगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने इस संबंध में बताया कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान रोड बंद रखने की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली ठेका एजेंसी की होती है उन्होंने इसमें लापरवाही की है। इसके लिए उन पर धारा 304 लगाई गई है। दो-तीन दिनों के भीतर हादसे के लिए जिम्मेदार ठेका कंपनी के लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। हादसे के लिए ठेका कंपनी के जो अधिकारी- कर्मचारी जिम्मेदार पाए जाते हैं, उनमें ऊंचे पदों पर बैठे लोगों से लेकर जिम्मेदार निचले अमले तक हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हांकित कर सभी की गिरफ्तारी की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर में बैरिकेडिंग कर दी गई है तथा सीमेंट की दीवार भी बना दी गई है। इसके अलावा डिवाइडर भी चेक कर लिए गए हैं। सुरक्षा संबंधी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चारों फ्लाईओवर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं ताकि होने वाली घटनाओं का विश्लेषण किया जा सके, तथा सुरक्षा भी पुख्ता की जा सके।

साहू समाज के परिचय सम्मेलन में शामिल हुए गृहमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। गृहमंत्री ताम्रधवज साहू के मुख्य आतिथ्य में रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के ग्राम रीवा में आज साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन जिला साहू समाज ग्रामीण द्वारा किया गया। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ डहरिया ने ग्राम पंचायत रीवा के अंतर्गत 24 लाख 48 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें हाई स्कूल के अतिरिक्त कक्ष लागत 4 लाख 71 हजार रुपए का भूमिपूजन तथा हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष लागत 6 लाख रूपये, चंद्राकर समाज का सामुदायिक भवन लागत 5 लाख रुपए और व्यवसायिक भवन लागत 8 लाख 77 हजार रूपए का लोकार्पण शामिल है। गृह मंत्री साहू ने भक्त कर्मा माता को नमन करते हुए कहा कि युवक युवती परिचय सम्मेलन आज के समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के सम्मेलन में युवक-युवतियों को एक दूसरे के बारे में जानने समझने का अवसर मिलता है। वे अपने सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक समझदारी से आगे बढते हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने समाज के सभी वरिष्ठ और सम्मानीय सदस्यों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से साहू समाज यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि साहू समाज भक्त माता कर्मा के बताये हुए आदर्शों पर आगे बढ़ रहा है। भक्त माता कर्मा का संपूर्ण जीवन सर्व मानव समाज के लिए अनुकरणीय है।

महिलाओं के सशक्तिकरण में छत्तीसगढ़ है आगे : भेड़िया

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण विभाग की मंत्री अनिला भेड़िया आज पंडरिया में महिला सम्मान समारोह में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री का बागडोर श्री भूपेश बघेल ने संभाला है तब से राज्य में छत्तीसगढ़ की मूल संस्कृति और सभ्यता का अदभूत संगम देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अपनी मूल संस्कृति, रीति-रिवाज, परम्परा और धार्मिक मान्यताओं के साथ आगे बढ़ रहा है।

केबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वयं रूचि लेकर प्रदेश में प्रभु श्री राम-सीता की वनवास को राम वन गमन पथ के रूप में चिन्हांकित 52 स्थलों को विकसित कराया है, जिसमें प्रदेश के कोरिया जिले से सुकमा जिले में राम वन गमन पथ विकसित किया किया जा रहा है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल है, माता कौशिल्या का जन्म स्थल रायपुर के समीप ग्राम चन्दखुरी है, जहां मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम चन्दखुरी में माता कौशिल्या का मंदिर का निर्माण हुआ है। वहां हम सब के आराध्य देव प्रभु श्रीराम का प्रतिमा स्थापित कराई गई है। उन्होने कहा कि राज्य में माता कौशिल्या की मंदिर निर्माण से पूरे माताओं का सम्मान हुआ है।

भाजपा के 'मोर आवास मोर अधिकार' अभियान की शुरुवात

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राहियों के साथ खड़े होने के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी अब एक बड़ा प्रदर्शन करने का कार्यक्रम बना चुकी है जिसे मोर आवास मोर अधिकार नाम दिया गया है. और आज कवर्धा जिले में जिसकी शुरुवात सहसपुर लोहारा मंडल के जरहा टोला, आमगांव और रामहेपुर पंचायतों में सभाओं के माध्यम से हो रही है. इन सभाओं में एकत्र हितग्राहियों के बीच बोलते हुए कवर्धा के पूर्व विधायक अशोक साहू ने उक्त बाते कहीं. इस अभियान के प्रभारी और भाजपा के जिला उपाध्यक् जसविंदर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में एक सभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राहियों से अपने इस अधिकार की मांग को लेकर एक आवेदन भरवाया जा रहा है. इसके बाद विधानसभा स्तर पे जनजागरण पदयात्रा की जायेगी. सभी कार्यक्रमों से प्राप्त मांग पत्रों को लेकर जिला स्तर पे एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा. अगले वर्ष की शुरुवात में इस अभियान का सबसे बड़ा प्रदर्शन कार्यक्रम दुर्ग में किया जाएगा जिसमें पूरे संभाग से लोग एकत्रित होंगे और प्रदेश सरकार से अपने आवास मांग को लेकर सवाल किए जायेंगे. मोर आवास मोर अधिकार अभियान अंतर्गत आज की सभाओं में लोहारा मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, शक्ति केंद्र प्रभारी दिवाकर डडसेना, क्षेत्र के जनपद सदस्य अशोक पटेल, चौकी पटेल, पदम पटेल, कृष्णा साहू, सहित बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राही उपस्थित रहे।

कड़ी मेहनत लगन व सतत प्रयास से ही प्रतिभा में आता है निखार : आरएन वर्मा

- **प्रतिभा का सार्वजनिक सम्मान जीवन में महत्वपूर्ण क्षण होता है**

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर के द्वारा न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां प्रयास आवासीय विद्यालय से आई आई टी, ट्रिपल आई आई टी, एन आई टी, एम बी एस एवं अन्य विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश हेतु चयनित 54 विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा अनुसंशित 50- 50 हजार रुपए का चेक इन प्रत्येक छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भारत माता के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को नमन करते हुए, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री श्री आर. एन. वर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के कड़ी मेहनत लगन एवं सतत प्रयास से आप लोगों का आज जिस प्रकार से सामाजिक रूप से सम्मान हुआ है वह जीवन में एक सुखदाई क्षण है। विद्यार्थी जीवन में जो अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर लगा रहता है एवं इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, उन्हें ही सफ्लता का श्रेय मिलता है, पुरस्कृत सभी छात्र छात्राओं को एवं उपस्थित उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।

आज के कार्यक्रम में श्री के. पी. खांडे जी अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, कुमारी राजकुमारी दीवान उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग, छत्तीसगढ़ शासन के सचिव श्री डी0 डी. सिंह विभागीय आयुक्त एवं विभाग के अधिकारी गणों के साथ छात्र छात्राओं के अभिभावक गण उपस्थित रहे।

अवैध निर्माण न हो इसलिए निगम के अधिकारी करेंगे निरीक्षण

भिलाई नगर/नवप्रदेश। भिलाई निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए निगम के अधिकारी इसका सतत निरीक्षण करेंगे तथा 14 जुलाई 2022 से अस्तित्व में आए अनधिकृत निर्माण का सर्वे कर इसे चिन्हित भी किया जाएगा। अनधिकृत निर्माण को हटाने के लिए नोटिस भी जारी होगा। अवैध निर्माण करने वालों को जोन आयुक्त नोटिस जारी करेंगे। सभी कॉलोनी, कांपलेक्स एवं मार्केट क्षेत्र में बिना अनुज्ञा/अनाधिकृत निर्माण वालो को चिन्हित करते हुए इन्हें भी नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसके लिए सभी जोन आयुक्त को निर्देश जारी किए है। इधर अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं को नियमितीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा, इसके लिए प्रत्येक जोन कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनाया जायेगा जो अनाधिकृत विकास करने वालो नियमितीकरण कराने मार्गदर्शन व सहायता प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में समस्त निवेश क्षेत्रों में अनाधिकृत विकास को नियमित करने छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम 2022 (संशोधन) लाया गया है ऐसे सभी अनाधिकृत निर्माण जो स्वीकृति के विपरीत या बिना स्वीकृति के दिनांक 14 जुलाई 2022 के पूर्व से बने हुए हैं। ऐसे अनाधिकृत निर्माण को भवन स्वामी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करने पर नियमितीकरण किए जाने का प्रावधान किया गया है भवन स्वामियों द्वारा अधिसूचित दिनांक 14 जुलाई 2022 से 1 वर्ष तक नियमितीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। नियमों को ताक में रखकर निर्माण करने वाले लोगों के लिए नियमितीकरण कराने का यह बेहद अच्छा अवसर है। भवन अनुज्ञा अधिकारी तपन अग्रवाल ने बताया कि अब तक आवासीय व गैर आवासीय मिलाकर कई लोगों ने नियमितीकरण के लिए अपना आवेदन निगम में जमा कर दिया है। अनधिकृत विकास का अब नियमितीकरण का रास्ता साफ हो गया है। यदि किसी ने बिना बिल्डिंग परमिशन लिए निर्माण किया हो, बिल्डिंग परमिशन प्राप्त करके स्वरूप में परिवर्तन किया हो या फिर प्रदाय किए गए भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण कर लिया हो तो इसका नियमितीकरण कराया जा सकता है। इसके लिए भिलाई निगम में आवेदन करना होगा। निगम ने आर्किटेक्ट को इसके लिए प्रशिक्षण भी दिलवाया है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं इसी तारतम्य में वास्तुविद को प्रशिक्षित किया गया है। यह होगी नियमितीकरण की प्रक्रिया अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए आवेदक को नक्शा आदि बनाकर आवेदन निगम कार्यालय में जमा करना होगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हिमाचल के सीएम...

वे सुक्खू के नाम से नाराज भी बताई जा रही थीं। सुक्खू से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह का मंत्री बनाना ऑलमोस्ट तय है। एनपीएस महासंघ को छग के सीएम ने दिया आश्वासन : न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों को भूपेश बघेल ने बड़ा आश्वासन दिया है। भूपेश बघेल ने कहा है कि ओपीएस के फैसले पर सरकार का स्टैंड बिल्कुल साफ है। पहली कैबिनेट में ओपीएस पर फैसला होगा?। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का इंतजार जल्द खत्म होगा?। एनपीएस कर्मचारी सिसिल होटल के बाहर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल से मिले। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपना वादा याद है। आप बेफिक्र होकर शपथग्रहण समारोह में हिस्सा लें। सरकार सभी मांगों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तर्ज पर हिमाचल में सरकार ओपीएस लागू करने जा रही है।

गुजरात में दलबदल...

सोमवार को सीएम भूपेंद्र पटेल शपथ लेंगे। इस भव्य समारोह में खुद पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होने वाले हैं। पीएम के अलावा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के भाजपा सीएम भी मौजूद रहेंगें। पीएम मोदी ने अपनी कई चुनावी रैलियों में कहा था कि इस बार भाजपा के लिए ऐसा मतदान करें कि नरेंद्र के सारे रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ दें। पीएम की इसी गुहार पर गुजरात की जनता ने भी मुहर लगाई और भाजपा को प्रचंड जीत से नवाजा।

19 राज्यों की विधानसभाओं ...

आंकड़ों के मुताबिक, लोकसभा में महिला सांसदों की हिस्सेदारी 14.94 प्रतिशत और राज्यसभा में 14.05 प्रतिशत है। वहीं, पूरे देश में विधानसभाओं में महिला विधायकों का औसत केवल आठ प्रतिशत है।

दुर्ग की निवेदिता ...

परीक्षा वाराणसी में साक्षात्कार के लिए बुलाया गया उसमें चयनित होने के बाद दिल्ली में मेडिकल फिटनेस में सफल होने के बाद ट्रेनिंग के लिए वायु सेना अकादमी आफि सर्स ट्रेनिंग हैदराबाद में शामिल हुई। निवेदिता के आफि सर्स अकादमी हैदराबाद में ट्रेनिंग के पूरे टेस्ट सफलता पूर्वक पूरा किया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-07, मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.),

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 28 वार्ड का नाम- 39 स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/ जिसका प्रॉपटी आई.डी.RPR715D00371 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **कुसुम भास्कर, पुष्पा, जयंती रविशंकर** पिसरान गोवर्धन तिवारी पिता/पति श्री श्रीमती GOVARDHAN PRASAD TIWARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **सुनील जैन** पिता/पति श्री/ श्रीमती **स्व. रेखचंद जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे — **जोन आयुक्त, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर**

पेंगुलिन की तस्करी करते हुए 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा राज्य में वन अपराधों की रोक थाम के लिए सतत् रूप से अभियान जारी है। इसके तहत गत दिवस 10 दिसम्बर को भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत लगभग 12 लाख रूपए की कीमत के 12.5 किलोग्राम वजनी एक जीवित पेंगुलिन (सालखपरी) को वाहन सहित जब्त कर संलिप्त 5 आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक कांकेर श्री राजू अगसिमनी के मार्गदर्शन में वन मंडलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपूर श्री कृष्ण जाधव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तत्परता से की गई। वन विभाग द्वारा आरोपियो के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई जारी है।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D For Form "A" (Percentage Rate Tender) in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract	Last date of bid submission
20/SE E/M/2022-23 (I Call) System Tender No 116597 Registered contractor class in "C" & above	Probable Line Shifting of 33 KV/11 KV/LT Line/Transformer DP and General Electrification works under PWD E/M Sub Division Durg	Rs. 160.00 Lacs	27-12-2022

Note :- The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in.Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
G- 96563/3 **P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

योगासन एवं शारिरीक शिक्षा का बताया महत्व

कवर्धा/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भानपूर, संकुल कोयलारी में आज दिनांक 10दिसम्बर को राम मुनि योगाचार्य जी द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियो को अध्यात्म एवं योगशिक्षा एवं भजन के माध्यम से योगासन एवं शारिरीक शिक्षा दिया गया है। दैनिक जीवन में योग का महत्त्व एवं शारिरिक शुद्धता का महत्त्व बताया गया है उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक नंद कुमार शर्मा शिक्षक परमानंद धुर्वे उपस्थित थे ।

एक सटोरिए को पुलिस ने पकड़ा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जुआ सट्टा पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी द्वारा विगत दो दिनों से लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिसमें थाना पलारी के क्षेत्रअन्तर्गत ग्राम छेरकापुर में रेड कार्यवाही करते हुए साइबर सेल एवम् थाना पलारी द्वारा रेड कार्यवाही कर 09 दिसंबर को आरोपी लक्ष्यकांत मारकण्डेय उर्फ गोलू पिता राजकुमार उम्र 27 साल निवासी छेरकापुर से सट्टा पट्टी एवं 19000रू जप्त कर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 698/22 धारा 4क जुआ एक्ट पंजीबद्ध किया गया एवं आज 10 दिसम्बर को ग्राम कुकदा में रेड कर आरोपी चंद्रशेखर घृतलहरे पिता गुलाबचंद घृतलहरे उम्र 33 साल निवासी कुकदा से सट्टा पट्टी एवं नगदी रकम 2850रू जप्त कर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 699/22 धारा 4क जुआ एक्ट पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि नीरज दुबे, प्रआर ब्रम्हानंद देवांगन, अनिल महिलांगे एवं सायबर सेल बलौदाबाजार का योगदान रहा।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा गुम बालक/बालिकाओं की पता तलाश हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पलारी में दर्ज गुम बालक/बालिकाओं का पता तलाश लगातार किया जा रहा है । आपरेशन मुस्कान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन

में थाना पलारी में दर्ज अपराध क्र 694/22 धारा 363 भादवि के अपहृता की पता तलाश कर आरोपी दिनेश कुमार घृतलहरे पिता देवचरण घृतलहरे उम्र 23 साल निवासी नवागांव थाना पलारी के कब्जे से सुपेला जिला दुर्ग से पीडिता को बरामद किया गया, आरोपी द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया गया है । आरोपी का कृत्य अपराध धारा 366, 366क, 376 भादवि 4, 6 पाक्सों एक्ट घटित करना पाये जाने से उक्त धारा प्रकरण में जोड़कर आरोपी को दिनांक 08.12.2022 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बलौदाबाजार पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक श्रवण नेताम , प्रआर संजीव सिंह, महिला आरक्षक सुमित्रा रत्नाकर का योगदान रहा है ।

वंदे भारत ट्रेन के राजनांदगांव स्टापेज पर आजाद चौक में बंटी मिठाई, रेल मंत्री एवं सांसद का जताया आभार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वंदे भारत ट्रेन के राजनांदगांव स्टापेज मिलने पर संस्कारधानी के आजाद चौक में भाजपा के कार्यकर्ता व नेताओं ने आम जनता को व आपस में मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाएं और रेल मंत्री व सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही सांसद संतोष पांडेय ने इस मांग को लेकर लोकसभा के शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया था जिसके बाद राजनांदगांव में स्टापेज प्राप्त हुआ। वंदे भारत ट्रेन के राजनांदगांव स्टापेज की जानकारी प्राप्त होते ही भारतीय जनता व्यापार प्रकोष्ठ दक्षिण मंडल के संयोजक जैनम बैद ने आजाद चौक में उक्त कार्यक्रम का आयोजन करवाया और सभी वरिष्ठजनों के सानिध्य में मिठाइयां बांटी गई। दक्षिण मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जैनम बैद ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के स्टापेज के लिए लोकसभा के सांसद ने भरपूर मेहनत की और उन्हीं के प्रयास से संस्कारधानी की जनता को यह सौगात मिली है, लेकिन स्थानीय कांग्रेसी बिना वजह के इस मामले में झूठा श्रेय लेने की जुगत में लगे हैं, मगर शहर की प्रबुद्ध जनता सब समझती है। खुशियां मनाए जाने के इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से खूबचंद पारख, रमेश पटेल, राजेंद्र गोलछा, नरेश बैद, बालू भंसाली, नीलू शर्मा, वीरेंद्र जैन, मधु बैद, मनीष गोलछा, पवन मेश्राम, हकीम खान, पीयूष बैद, नदीम बड़गुजर, भूरु बड़गुजर, देवशरण सेन, मनोज बैद, गिन्नी चावला, शिव वर्मा, मोनू बहादुर, आकाश चोपड़ा गोलू सूर्यवंशी, गोलू गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन ठाकुर, साहिल गोलछा, आशीष जैन, पार्थ गेंड्रे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

खैरागढ़/ नवप्रदेश। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरागढ़ में किया गया इस अवसर पर विधायक खेरागढ़ श्रीमती यशोदा वर्मा , कलेक्टर डॉक्टर जगदीश सोनकर खैरागढ़ छुईखदान गंडई उपस्थित थे। विधायक वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं आगे बढ़ाने के लिए युवा उत्सव की शुरुआत की इससे युवा शक्ति अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके ।कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा युवाओं की प्रतिभा को बढ़ावा दिया जा रहा है। युवा महोत्सव के आयोजन में विभिन्न विधाओं में युवा अपने हुनर का परिचय दे रहे है। प्रतिभागियों को तैयारी के साथ लगातार मेहनत करते रहना चाहिए। जिससे राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में वे बेहतर प्रदर्शन कर पाएं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में खैरागढ़ छुईखदान गंडई साले वारा विकासखंड के विभिन्न विधाओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खो-खो, कबड्डी, भवंरा, गेड़ी, फुगड़ी, कुश्ती खेल में भाग लिया। क्विज, निबन्ध लेखन, वेशभूषा, तत्कालीन भाषण, चित्रकला में सभी विकासखंड के बच्चे शामिल हुए।

स्थापना दिवस पर एसआर हॉस्पिटल के चेयरमैन की बड़ी घोषणा, हर माह की 25 तारीख को होंगे नि:शुल्क ऑपरेशन

दुर्ग/नवप्रदेश। एस आर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग का छठवां स्थापना दिवस अस्पताल परिसर में मनाया गया। इस मौके पर एस आर अस्पताल के चैयरमेन संजय तिवारी ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को विशेष सौगात देते हुए मंच से घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक माह की 25 तारीख को नार्मल डिलवरी एवं सिजेरियन डिलवरी, मोतियाबिंद ऑपरेशन, नसबंदी ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे। मरीजों को केवल दवाईयों व पैथालॉजी जांच का खर्च उठाना होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ अभिषेक पल्लव उपस्थित हुए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ जे पी मेश्राम मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग रहे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि डॉ अनुपम लाल ज्वाइन्ट डॉयरेक्टर छ्स्ह्ला सेक्टर 9 भिलाई एवं डॉ श्रुतिका ताम्रकार यादव एवं मोहन चंद्राकर उपस्थित हुए। स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल के स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था । शिविर में विभिन्न ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। नारी शक्ती को विशेष सौगात देते हुए नार्मल डिलवरी व सिजेरियन डिलवरी व नसबन्दी के

ऑपरेशन निःशुल्क किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग एस पी डॉ अभिषेक पल्लव ने अस्पताल के स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल के टीम के सदस्यो को बधाई दी एवं अस्पताल द्वारा सर्मपण भाव से किए जा रहे मानव सेवा कार्य हेतु समस्त डॉक्टर व स्टाफको साधुवाद दिया। एस पी डॉ पल्लव ने कहा कि अस्पताल काफी पॉजिटिवली काम कर रहा है। अस्पताल ने कोरोना काल व डेंगू के समय काफी सहयोत्मक काम किया था जिसके कारण जिला संभल पाया। अभी भी समय समय पर अस्पताल द्वारा निःशुल्क शिविरों के माध्यम से लोगों की सेवा की जा रही है। अस्पताल के स्टाफका सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं। हमारी शुभकामनाएं अस्पताल प्रबंधन के साथ हैं और आने वाले समय में भी अस्पताल नए आयाम गढ़े। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ जे पी मेश्राम ने अस्पताल द्वारा डेंगू एवं कोविड में बेहतरीन सेवाएं देने के लिये अस्पताल प्रबन्धन की भूरी भूरी प्रशंसा की और मरीज के परिजनों का सही काउन्सलिंग किए जाने हेतु भी कहा गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने चिकित्सक गणो का सम्मान मोमेंटो प्रदान कर किया गया। अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ चिकित्सा रत्न सम्मान से डॉ .आर के दिवाकर ,डॉ एस. पी. केशरवानी,डॉ विश्वामित्र दयाल,डॉ पवन देशमुख, डॉ विवेक शर्मा,डॉ नीरज भूसाखरे व अन्य डाक्टरों को सम्मानित किया गया। मरीजो को सेवाएं प्रदान करने वाले कपिल उप्पल, जगजीत नारायण पाण्डेय, विजय गावंडे, प्रियेश मिश्रा, गैदलाल वर्मा, उमा साहू, सीमा बरहरे, पदुम महाराणा, कृष्णा मिश्रा, कुमारी यमुना पटेल, दामन लाल,मो जाकिर हुसैन, किशोर साहू, ममता साहू कुमारी हेमलता, कुमारी नेहा, कौशल्या रात्रे, संजय मानिकपुरी, सीमा शर्मा व अन्य स्टाफ का भी सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले अस्पताल के टीम के सदस्यो का भी सम्मान शिल्ड प्रदान कर किया गया।

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की आक्रोश रैली में सैकड़ों किसान हुए शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। देश के किसानों की समस्याओं को लेकर आज शुक्रवार 9 दिसम्बर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आक्रोश प्रदर्शन केन्द्र सरकार के खिलाफ किसान कांग्रेस द्वारा किया गया। प्रदर्शन में भाजपा सरकार के खिलाफ किसानों के प्रति अपनाए जा रहे रवैये के खिलाफ मोर्चा खोला गया।

किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर एक 15 सूत्रीय मांगपत्र देश के प्रधानमंत्री को भी लिखा गया है। इस पत्र में किसानों के समक्ष आ रही सभी समस्याओं से अवगत कराया गया है। किसानों की मांगों में, कानूनी

तौर से न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देना शामिल है। यह गारंटी स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर सभी फसलों के लिए C2+50 प्रतिशत के फॉर्मूले पर होनी चाहिए। जंतर - मंतर में आयोजित आक्रोश रैली में छत्तीसगढ़ के किसान नेता चंद्रशेखर शुक्ला जी और छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश संयोजक लालबहादुर चंद्रवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान शामिल हुये। छत्तीसगढ़ के विधायक एवं संसदीय सचिव मान. विनोद चंद्राकर जी एवं मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल जी के पिताजी नंदकुमार बघेल भी उक्त आक्रोश रैली में शामिल हुये। आक्रोश रैली में सिद्धार्थ चंद्रा जी , शोभा कश्यप , रंजीत चंदेल , विनय शुक्ला , राकेश तंबोली जी, गोविंद वैष्णव , सोपाड़ी लाल राजवाड़े , राजेन्द्र प्रसाद साहू , दीपन मानिकपुरी , स्वतंत्र सिंह ठाकुर , संदीप साहू , आर्या चंद्राकर, देवेश कुमार, जयकिशन साहू , लखन चंद्राकर , डॉ. चंद्रशेखर खूंटे , परमानंद आड़िल , उपेन्द्र पाल जी , प्रशांत सिंह ठाकुर जी , बालाराम पाठक सहित सैकड़ों किसान शामिल हुये।

सरस्वती नि:शुल्क साइकल वितरण योजना के तहत छात्राओं को किया साइकल वितरण

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय नया बाजार दल्ली राजहरा में 8 दिसंबर को शासन की साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शीबू नायर अध्यक्ष नगरपालिका परिषद् , विशेष अतिथि अजय छाजेड़ अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति , टी . ज्योति पार्षद वार्ड 26, विजय लक्ष्मी, स्वप्निल तिवारी पार्षद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शीबू नायर ने अपने उद्बोधन मे कहा कि यह योजना समाज और बेटियों की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली योजना है। विद्यालय के प्राचार्य आर. रानाडे ने भी इस अवसर पर उद्बोधन में कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ उन्हें उच्चशिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

1887 लंबित प्रकरण आए जीपीएफ निराकरण कैंप में

दुर्ग/नवप्रदेश। सामान्य भविष्य निधि खातों के लंबित प्रकरणों का निराकरण कैंप का आयोजन दिनांक 7 दिसंबर से 9 दिसंबर तर्क जिला कोषालय में किया गया। जिसमें जिले के कुल 156 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के 3834 लंबित प्रकरणों में से उक्त कैंप में 125 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा 1887 लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत की गई। शिविर का आयोजन कार्यालय महालेखाकार के दल डॉ. दिवाकर सिंह राठौर संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा, देवेंद्र चौबे उप संचालक एवं राघवेंद्र कुमार वरिष्ठ कोषालय अधिकारी द्वारा सफलतापूर्वक संपादित किया गया।

छुट्टियों में वी विदेश जाने वाले यूजर्स के लिए लाया अनलिमिटेड डेटा व वॉइस का शानदार अनुभन

मुंबई। क्रिसमस एवं नया साल आ रहा है, ऐसे में भारतीय यात्री नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने पसंदीदा विदेशी गंतव्यों पर छुट्टियां मनाने के लिए तैयार हैं। यात्रा के रूझानों की बात करें तो भारत से विदेश जाने वाले 90 फीसदी पर्यटक लोकप्रिय गंतव्यों जैसे यूएस, यूरोपीय देशों (जैसे यूके, फ्रांस, इटली, जर्मनी, ग्रीस आदि), तुर्की, दुबई, सिंगापुर, थाईलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैण्ड आदि देशों की यात्रा करते हैं। इन गंतव्यों पर छुट्टी मनाने वाले पर्यटक अब 'सही मायनों में अनलिमिटेड कनेक्टिविटी' का लाभ उठा सकते हैं।

ऐसे सभी यात्रियों के लिए वी अपने इंटरनेशनल रोमिंग (आईआर) पैक्स पर 'ट्रूली अनलिमिटेड डेटा एवं वॉइस एक्सपीरिएंस' (सही मायनों में डेटा एवं वॉइस का अनलिमिटेड अनुभव) लेकर आया है, जिसमें 'स्पीड थ्रॉटलिंग' की कोई छिपी शर्तें नहीं हैं, जिसके साथ यूज़र अपना डेटा कोटा खत्म होने के बाद भी स्ट्रीमिंग का बेहतरीन अनुभव पा सकते हैं। भारत में किसी भी अन्य ऑपरेटर की आईआर रोमिंग सर्विस निर्धारित डेटा लिमिट के दायरे से बाहर जाकर स्पीड थ्रॉटलिंग के बिना अनलिमिटेड डेटा उपलब्ध नहीं कराती।''

पोस्टपेड यूज़र्स के लिए वी के आईआर पैक्स 24 घण्टे से 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते हैं, लोकप्रिय गंतव्यों के लिए डेटा कोटा पर 'कोई लिमिट' नहीं है जो सुनिश्चित करते हैं कि यूज़र स्ट्रीमिंग, वीडियो कॉलिंग एवं अपने प्रियजनों को तस्वीरें एवं वीडियोज़ भेजते समय सहज अनुभव पा सकें।

मूर्ति ट्रस्ट ने भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट को 75 मिलियन रुपये की प्रतिबद्धता की घोषणा की

पुणे। सुधा मूर्ति और नारायण मूर्ति के पारिवारिक फाउंडेशन, मूर्ति ट्रस्ट ने संस्कृत और प्राकृत में दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों पर अनुसंधान को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (बोरी) को 75 मिलियन रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। अनुदान में मूर्ति सेंटर ऑफ इंडिक स्टडीज, 18,000 वर्ग फुट की विरासत शैली, 200 सीटों की कक्षा क्षमता के साथ अकादमिक और अनुसंधान भवन, व्याख्यान आयोजित करने हेतु अत्याधुनिक सभागार और प्राचीन पुस्तकों एवं पांडुलिपियों को डिजिटाइज़ करने के लिए ऑडियो - विजुअल स्टूडियो शामिल है। सुधा मूर्ति द्वारा भवन की आधारशिला रखने के साथ इसका भूमि पूजन किया गया। नई पहल के बारे में श्रीमती सुधा मूर्ति ने कहा, बीओआरआई 105 साल पुरानी संस्था है और भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इसने अनेक बौद्धिक शोध पत्रों और पुस्तकें प्रोड्यूस की है। बीओआरआई के हर एक प्रोफेसर बहुत बड़े विद्वान हैं। दो पुस्तकों महाभारत और केन के धर्मशास्त्र के समालोचनात्मक संस्करण के बौद्धिक कार्य ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया।

ये दोनों ही मेरे हृदय के अत्यंत करीब हैं। समय बदलने के साथ, लोग ऑनलाइन कक्षाओं के जरिए हमारी संस्कृति के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हासिल करना चाहते हैं और उन्हें कर्मचारियों के साथ बातचीत करना अच्छा लगेगा। इसलिए, मूर्ति ट्रस्ट ने एक नई और आधुनिक इमारत के साथ बीओआरआई का समर्थन करने का फैसला किया है जो भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए समर्पित होगा।

बीओआरआई के कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष, श्री भूपाल पटवर्धन ने मूर्ति सेंटर ऑफ इंडिक स्टडीज के लिए संस्थान की योजनाओं के बारे में भी बताया। ÷माननीय सुधाताई ने शैक्षणिक परियोजनाओं के लिए धन दिया है, और अब संस्थान में लगभग 40 विद्वान हैं जो भारतीय दर्शन से लेकर कत्थक और आयुर्वेद एवं खगोल विज्ञान तक के विभिन्न विषयों पर काम कर रहे हैं। आगामी मूर्ति सेंटर ऑफ इंडिक स्टडीज में 60 से अधिक विद्वान समायोजित हो सकते हैं। इसके साथ ही अब यह संस्थान शिक्षा में भी प्रवेश कर चुका है। इसलिए, विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए इसकी कक्षाओं में 200 छात्र समायोजित हो सकते हैं और चूंकि इस मूर्ति केंद्र में एक स्टूडियो होगा।

कुम्हारी में सड़क हादसे में ठेका कंपनी के विरुद्ध जुर्म पंजीबद्ध, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता पहुंचाई

दुर्ग/नवप्रदेश। कुम्हारी में निर्माणाधीन सड़क में कल रात हुई सड़क दुर्घटना में दो नागरिकों की मृत्यु हुई। दुर्घटना के तुरंत पश्चात प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी घटना के तुरंत पश्चात उपलब्ध कराई गई। मामले में कांट्रेक्टर कंपनी के विरुद्ध धारा 337,304 में अपराध पंजीकृत कर लिया गया है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार धमधा एसडीएम बृजेश क्षत्रिय ने फ्लाईओवर पर सुरक्षा उपायों के एनएच के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये और इस पर तुरंत अमल करने की कार्रवाई आरंभ कराई। फ्लाई ओवर के दोनों छोर पर सीमेंट का अवरोध लगाया गया और चारों स्थलों पर कांक्रीट वाल बैरीकेटिंग स्थापित किया गया है। इसके साथ ही फ्लाइओवर के दोनों ओर सुरक्षा के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिये गये हैं। फ्लाई ओवर के नीचे जहां निर्माण कार्य पूरा हो चुका है वहां से भी मलबा हटाने के निर्देश दिये गये, इसके बाद जेसीबी से मलबा हटा लिया गया है। एनएच के अधिकारियों को 20 दिसंबर तक सर्विस रोड के मेंटेनेंस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। एसडीएम क्षत्रिय ने बताया कि स्टेशन चौक कुम्हारी, धमधा और स्टेशन जाने वाली रोड को जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत के लिए अनुविभागीय अधिकारी एनएच को निर्देशित किया गया है। कुम्हारी के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आम नागरिकों से भी चर्चा की गई है और उनके साथ ही सर्विस रोड का निरीक्षण किया गया है। एनएच के अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य आरंभ करने निर्देशित किया

6 छात्राओं को मिला नि:शुल्क साइकिल

उतई/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्श ग्राम कोड़िया में मुख्यमंत्री सरस्वती निःशुल्क सायकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना की शुरूआत की गई है। सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। ये योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है बल्कि

बेटियों की शिक्षा की राह आसान हुई है। विद्यालय की योजना प्रभारी वेदिका साहू ने बताया कोड़िया स्कूल में अध्ययनरत 6 पात्र छात्राओं को इस योजना के तहत लाभ मिला। जिसमें सोनम नेताम, विभा नेताम, चंचल नेताम, पंकज भाया, भूमिका नेताम, सविता यादव शामिल थे।

सायकिल वितरण कार्यक्रम में ग्राम सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, एसएमडीसी अध्यक्ष भरत चंद्राकर, प्राचार्य अनिल कुमार गुप्ता, शौर्य संगठन सचिव एवं एसएमडीसी सदस्य आदित्य भारद्वाज, एसएमडीसी सदस्य किरण भारद्वाज, जेपी दीपक, नीलम निषाद, दिनेश दीपक, योजना प्रभारी वेदिका साहू, शिक्षक भवानी सिंह देशमुख, प्रीतम देवांगन, शीला चंद्रा, दानेश्वरी सिन्हा, डॉ रूपमती साहू, डॉ सरोज साहू, वीरेंद्र गजपाल, प्रीति सलाम सहित पालकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

चेम्बर ने कुम्हारी मार्केट का किया दौरा

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में कुम्हारी मार्केट का दौरा किया गया। जनसंपर्क के दौरान व्यापारियों ने कुम्हारी बाजार क्षेत्र की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। इस पर भसीन द्वारा उनकी समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि व्यापारी साथियों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए निश्चित रूप से प्रयास किया जायेगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान भसीन ने व्यापारी साथियों से चेम्बर की सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संगठन जितना अधिक मजबूत होगा हम प्रशासन के सामने अपनी समस्याओं को उतनी ही मजबूती से रख सकेगें तभी प्रशासन की तरफ से कोई सार्थक पहल होगी।

पॉवर कंपनी में तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2022 संपन्न

दुर्ग/नवप्रदेश। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉनटेनिस प्रतियोगिता में रायपुर रीजन की टीम को विजेता एवं कोरबा पष्चिम क्षेत्र की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा का आयोजन दिनांक 08 से 10 दिसंबर 2022 तक लॉन टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी को सुषोभित करते हुए जामुलकर ने कहा कि

विगत तीन दिनों में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौषल का शानदार प्रदर्षन कर दर्षकों का मन मोह लिया है। उन्होंने कहा कि फाइनल का रोमांचक मैच देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। खेल मैदान पर विद्युतकर्मियों का बेहतर प्रदर्षन अत्यंत सराहनीय है। मैं विजयी टीम के साथ-साथ उपविजेता एवं शेष टीमों को हार्दिक बधाई देता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता(सी एंड टीएम) सीएसपीटीसीएल के.के.भौरासे ने किया। स्पर्धा में पावर कंपनीज के सात क्षेत्रों की टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, राजनॉदगांव क्षेत्र एवं बिलासपुर क्षेत्र के 35 खिलाड़ियों के बीच कुल 52 मैच हुए।

शासन की चौखट तक पहुंचा टेंडर का मामला, प्रक्रिया में मानकों की अनदेखी

- चहेते फर्म को टेंडर दिलाने नियम विरूद्ध शर्तो को लेकर सुर्खियों में स्वास्थ्य विभाग

नवप्रदेश लगातार

बालोद/नवप्रदेश। सीएचएमओ कार्यालय में निकाले गये औषधि टेंडर को लेकर रार फैली है। कई विवादों और आपत्तियों के बीच आज आखिरकार औषधि, उपकरण एवं अन्य सामग्री क्रय का टेंडर खोल दिया जाएगा। चहेते फर्म को टेंडर दिलाने नियम विरुद्ध शर्तो को लेकर सेहत विभाग का ये टेंडर सुर्खियों में है। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला प्रशासन नें कार्यवाही की तो टेंडर निरस्त भी हो सकते है। 7 नवंबर को निकले इस टेंडर को खोले जाने की तिथि 12 दिसंबर याने आज है। टेंडर पर नजर डाले तो अनुमानित 1 करोड़ की ये निविदा शासन की मंशा के अनुरूप नही निकले। नियम की जटिलताओं की वजह से टेंडर विवादों में है। जानकारों की मानें तो टेंडर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलने वाले वित्तीय वर्ष के लिए है। चालू वित्तीय वर्ष के इस टेंडर में काफी विलंब किया गया। इसे मार्च माह तक पूरा कर लेना था। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज 3 माह ही शेष है ऐसे में एक साल का टेंडर कराए जाने को लेकर सवाल उठने लगे है।

सीएम व विभागीय मंत्री को भेजा सामूहिक पत्र

नियमों की धज्जियां उड़ाकर स्वास्थ्य विभाग में जारी टेंडर का मामला शासन की चौखट तक पहुंच गया है। टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित कई फर्मो ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री को इस मामले को लेकर पत्र भेजा है। हालांकि, शासन के किसी निर्देश से पहले ही खबरों का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से इस मामले की जांच की उम्मीद लगाई जा रही है। कहा जा रहा कि जिला प्रशासन को कार्यों व टेंडर प्रक्रिया से जुड़ी पूरी पत्रावली तलब करनी चाहिए।

बड़ी खरीद के लिए है टेंडर का प्रावधान

अगर कोई सामान किसी संस्था में अधिक मात्रा में लगता है तो उसके लिए टेंडर बुलाए जाने का प्रावधान है। इससे संस्था को बाजार में कंपीटिशन का फायदा मिलता है और रेट भी सही मिलते हैं। साथ ही उसमें पूरी तरह से पारदर्शिता होती है, लेकिन बालोद जिले का स्वास्थ्य विभाग इस तरह पारदर्शिता में विश्वास नहीं रखकर कोटेशन से खरीदारी कर रही है। यह खरीदारी कई वर्षो से चल रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मनमानी के कारण बड़े-बड़े काम भी टेंडर की बजाए कोटेशन से किए जा रहे हैं। इस साल विभाग करोड़ो रुपए के काम कोटेशन से ही करा चुका है। कोरोनकाल से पहले विभागीय स्तर पर हर वर्ष निविदा निकाली जाती रही है। लेकिन इस वर्ष सारे नियमों को ताक पर रखकर विभागीय पदाधिकारी बिना निविदा निकाले अपने चेहते फर्म को काम कागज पर ही आवंटित कर दिए।

टेंडर प्रक्रिया में नियमों को दिखाया ठेंगा : सामग्री की आपूर्ति के लिए निविदा का आमंत्रण जरूरी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निविदा तो निकलवाई गई, पर नियमों को दरकिनार करके। चहेते को टेंडर देने नए नियमो के पेंच से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सेल टैक्स प्रमाण पत्र, आडिट रिपोर्ट के बाद एक और नियम विरुद्ध शर्त से विवाद गहरा गया है। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी टेंडर के नियम एवं शर्त क्रमांक 24 में निविदाकर्ता जिनके द्वारा फर्म संचालित किया जा रहा है को जिस जिले में फर्म संचालित है, को फर्म के ब्लैक लिस्टेड ना प्रमाण पत्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त कर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य रखा गया है। जबकि खाद्य एवं औषधि प्रशासन में ब्लैक लिस्टेड वगैरा कुछ नहीं होता। न ही होने न होने का कोई प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। ऐसे में वेंडर इस तरह की शर्तो को अनुचित ठहराते हुए इसे अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर लिया गया निर्णय बता रहे है।

> हमारे यहां ब्लैक लिस्ट होने का कोई भी सर्टिफिकेट नही देते है। अभी तक कोई भी नहीं दिया है।
>
> दीपिका चुरेन्द्र ड्रग इंस्पेक्टर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

सरकार ने खरीदा अब 41 लाख मीट्रिक टन धान

खाद्य मंत्री ने बारिश से बचाव के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला निरन्तर जारी है। इस बीच मौसम में भी बदलाव नजर रहें हैं। मौसम विभाग के अलर्ट पर आज खाद्य मंत्री एवं सीतापुर विधायक अमरजीत भगत ने अपने विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने मैनपाट अंतर्गत राजापुर, खड़गांव धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की सुविधाएं और बारिश से धान को बचाने समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंत्री भगत ने धान खरीदी को लेकर किसानों से बातचीत की, उन्होंने पूछा कि केंद्र में किसी तरह से समस्या का सामना तो नहीं करना पड़ रहा जिस पर किसानों ने कहा किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। टोकन तुंहर द्वार के माध्यम से भी किसान टोकन ऑनलाइन लेकर अपने सुविधा अनुसार धान बेच पा रहे है। साथ ही खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ने के कारण किसी प्रकार की असुविधा की खबर सामने नहीं आई है।

करीब 11 लाख किसान बेच चुके धान

प्रदेश में अब तक 41 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी नागरिक आपूर्ति एवं खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने बताया कि समर्थन मूल्य पर अब तक किसानों से लगभग 41 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में 10 लाख 76 हजार से अधिक किसानों को 8481 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है।

22 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अब तक 30.50 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किया गया है, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 22.36 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

मामूली विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। सदानी दरबार चौक पंडरी में मामूली विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी चौक पंडरी निवासी प्रार्थी यश निर्मलकर 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि सदानी दरबार चौक पंडरी में आरोपी सूरज सिंधी, प्रकाश सिंधी, चंदन व बसंत ने लघुशंका करने की बात पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी बसंत पेशवानी 55 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी यश निर्मलकर, आनंद यादव व अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। सेक्टर-2 डीडीनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 45 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार एमआईजी 82 सेक्टर-2 डीडीनगर निवासी प्रार्थी मंगला श्रीवास्तव 68 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने परिवार के साथ 6 दिसंबर को बाहर गया था। जब कल शनिवार को वापस लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 45 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला के गले से सोने की चेन पार

रायपुर/नवप्रदेश। हाईस्कूल मैदान में कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर ने महिला के गले से सोने की चेन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कलई निवासी प्रार्थिया नीरूपा लोधी 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि हाईस्कूल मैदान आरंग में कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें प्रार्थिया भोजन लेने गई थी। तभी अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के गले में पहने सोने की चेन पार कर दिया। चोरी गए चेन की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम कुरूद-कुटेला के बीच बाइक की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गोकुल चक्रधारी ग्राम कुरूद का रहने वाला था। बताया जाता है कि गांव में ही रहने वाला आरोपी खेमचंद चक्रधारी बाइक क्रमांक सीजी 04 एम 6813 को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्राम कुरूद-कुटेला के मध्य गोकुल को टक्कर मार दिया था। जिससे घायल गोकुल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अधेड़ से मारपीट, शिकायत पर केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे फाटक मंदिरहसौद के पास गाली देने से मना करने पर तीन युवकों ने अधेड़ से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार नवीन चौक मंदिरहसौद निवासी प्रार्थी पुनीतराम यादव 62 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि रेलवे फाटक मंदिरहसौद के पास आरोपी पवन निषाद व अन्य 2 युवकों ने अन्य लोगों से गाली-गलौज कर रहा था। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुराने विवाद पर युवक को पीटा, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम गुजरा में पुराने विवाद को लेकर 3 युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गुजरा निवासी प्रार्थी मानिक चतुर्वेदी 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी गेंदू बंजारे व अन्य 2 लोगों ने प्रार्थी को रेगहा जमीन दिलाने के लिए पैसा लिए थे। जिससे जमीन नहीं दिलाने पर प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तीन जुआरियों को पुलिस ने किया पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। लोधीपारा स्टेशन रोड में जुआ खेलते तीन युवकों को गंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2650 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लोधीपारा स्टेशन रोड में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नवीन जंघेल सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2650 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात

132 केवी की नई लाइन का कार्य पूरा होगा इसी महीने

- एमडी ने सघन वन क्षेत्रों में हाईटेंशन टॉवर व सब स्टेशन के निर्माण का लिया जायजा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में बढ़ती हुई विद्युत मांग के मद्देनजर उत्पादित बिजली को वितरण केंद्र तक पहुंचाने के लिये मजबूत पारेषण प्रणाली विकसित कर रही है। इसके लिये प्रदेश के कई क्षेत्रों में एक्ट्रा हाईटेंशन (ईएचटी) सब-स्टेशन तथा हाईटेंशन टॉवर लाइन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक उज्ज्वला बघेल ने सघन वन क्षेत्र में इन निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रबंध निदेशक श्रीमती बघेल ने वनांचल क्षेत्र के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। गरियाबंद जिले के मैनपुर और देवभोग में 132 केवी इंदागांव सब स्टेशन का निर्माण प्रगति पर है, इसका निर्माण इसी महीने पूर्ण करने का लक्ष्य है। साथ ही नगरी-इंदागांव 132 केवी एक्ट्रा हाईटेंशन टावर लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता सर्वश्री केएस रामाकृष्णा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीके दीक्षित, अधीक्षण अभियंता वीए देशमुख, पीके गढ़ेवाल, कार्यपालन अभियंता उमाकांत यादव, श्री अग्रवाल एवं अन्य अधिकारियों उपस्थित थे। विदित हो कि वर्तमान में मैनपुर और देवभोग की विद्युत व्यवस्था 33केवी लाइनों के माध्यम से की जाती है, जो कि गरियाबंद एवं नगरी से सघन जंगलों के मध्य से होकर गुजरती हैं, जिनकी लंबाई 100 से 125 किलोमीटर के आसपास है। इन गांवों में भरपूर वोल्टेज के लिये 132केवी की ईएचटी लाइन और सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके ऊर्जीकृत हो जाने के बाद क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान हो जाएगा।

किसान सभा का 35वां महाधिवेशन 13 से त्रिशूर में, छग से 6 प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

- किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने की बनेगी रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय किसान सभा का 35वां राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 16 दिसम्बर तक त्रिशूर (केरल) में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पूरे देश से 800 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में केंद्र और राज्यों की किसान विरोधी, कृषि विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी संघर्ष विकसित करने और संगठन का विस्तार करने की योजना बनाई जाएगी। इस महाधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ किसान सभा के 6 प्रतिनिधि भी रवाना हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ किसान सभा के अध्यक्ष संजय पराते ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान सभा का यह महाधिवेशन केंद्र सरकार के तीन कृषि विरोधी कानूनों के खिलाफ डेढ़ वर्षों तक चले देशव्यापी संयुक्त संघर्ष और इस संघर्ष में 750 से ज्यादा अन्नदाताओं की शहादत के बाद इन किसान विरोधी कानूनों को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने को बाध्य होने की पृष्ठभूमि में आयोजित किया किया जा रहा है। यदि ये कृषि कानून लागू हो जाते, तो देश की खेती किसानी कॉरपोरेट कंपनियों के कब्जे में चली जाती। केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष के क्रम में किसान समुदाय को मिली इस अभूतपूर्व जीत में किसान सभा का महत्वपूर्ण योगदान था। इस देशव्यापी संघर्ष के कारण ही किसानों के बुनियादी मुद्दे देश की राजनीति के केंद्र में आ सके हैं। उन्होंने कहा कि इस जीत के बावजूद गरीब किसानों व भूमिहीनों को कृषि व आवास के लिए भूमि देने और उन्हें ऋणमुक्त करने, खेत किसानी के लिए सार्वजनिक व्यय को बढ़ाने, सकल लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का कानून बनाने, खाद, बीज, बिजली, पानी, दवाई में सब्सिडी देने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाने, मनरेगा में 200 दिनों का रोजगार और 600 रूपये मजदूरी देने, वनाधिकार और पेसा कानून का प्रभावी क्रियान्वयन करने और विकास के नाम पर किसानों की जमीन न छीनने जैसे मुद्दों पर पूरे देश में आंदोलन जारी है। किसान सभा के इस महासम्मेलन में इन मद्दों पर मजदूर संगठनों के सहयोग से देशव्यापी आंदोलन को मजबूत करने की रणनीति बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों के सहयोग से मजदूर विरोधी श्रम संहिता को वापस लेने की मांग की जाएगी।

औद्योगिक पार्क की स्थापना व संचालन के लिए मंगाए आवेदन

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की स्थापना और संचालन के लिए टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए संक्षिप्त रूचि की अभिव्यक्ति (आर.एफपी.) के लिए प्रस्तावित कार्य विवरण और शर्तों का अवलोकन तथा आवेदन पत्र जिले की वेबसाइट https://www.mahasamund.gov.in पर किया जा सकता है। सूचना प्रकाशन की तिथि 09 दिसम्बर को तय की गई है। आर.एफपी. प्राप्ति की अंतिम तिथि 19 दिसम्बर 2022 शाम 5:00 बजे तक है और आर.एफपी. खोलने की तिथि 20 दिसम्बर 2022 दोपहर 2:00 बजे तय की गई है।

टीका लगवाने के बाद मासूम की मौत बेटे का शव लेकर परिजन पहुंचे कलेक्ट्रेट

कोरबा/नवप्रदेश। रिस्दी वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र में डेढ़ माह के बच्चे की टीका लगवाने के बाद मौत हो गई। शनिवार सुबह परिजन स्थानीय लोगों के साथ मासूम के शव को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचेए जहां उन्होंने बच्चे की मौत एक्सपायरी डेट का टीका लगाने से होने की बात कहते हुए कार्रवाई की मांग की।

शहर के रिस्दी वार्ड में निवासरत दिलबोध और कांति बाई के डेढ़ माह के बच्चे हर्षित को बीमारियों से बचाने शुक्रवार को वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में टीका लगाया गया था। टीका लगने के बाद हर्षित को बुखार चढ़ गया। परिजन ने जब कार्यकर्ता अनिता रात्रे को बताया तो उसने टीका लगने के बाद हल्का बुखार आना सामान्य बात होनी बताई, लेकिन रात में बुखार तेज हो गया। सुबह होने पर बच्चा नहीं उठा। परिजन ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। इससे परिजन रोने-बिलखने लगे। परिजन के साथ बच्चे का शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां गेट के के सामने बैठकर मामले में कार्रवाई की मांग करने लगे। कांति बाई बच्चे के शव को गोद में लिए बैठी थी।

लगाया था पीवीसी टीका

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक जन्म से लेकर 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया का खतरा सबसे अधिक रहता है। इसलिए पीवीसी न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन टीका लगाया था। उक्त टीका जन्म के बाद बच्चों को किसी तरह के संक्रमण से सुरक्षित करने लगाया जाता है। टीका बच्चों को निमोनिया से बचाती है। बच्चों के डेढ़ माह पूरा होने और साढ़े 3 माह होने पर टीका लगता है। 9 माह होने पर बूस्टर डोज लगाया जाता है। अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता बच्चों को टीका लगाते हैं।

ई-जनचौपाल का आयोजन सोमवार को कलेक्टर को बता सकते है समस्या

उत्तर बस्तर कांकेर/नवप्रदेश। प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला ई-जनचौपाल सोमवार 12 दिसंबर से पुनः शुरू हो रहा है। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला प्रातः 11 बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए लोगों की समस्या, शिकायत सुनेंगी। जिले के नागरिक अपने क्षेत्र के जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर को अपनी समस्या बता सकते हैं। नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा विकास खंड के नागरिक अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए और कांकेर विकास खंड के नागरिक कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्या कलेक्टर को बता सकते हैं,जिनका नियमानुसार निराकरण किया जायेगा।